

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 23 मार्च 2024 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-354 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### आपरेशन में निकले जवान आये आईईडी की चपेट में, दो घायल

**दंतेवाड़ा 23 मार्च।** होली के पहले दंतेवाड़ा में नक्सली की कायराना करतूत सामने आयी है। दंतेवाड़ा बीजापुर सीमावर्ती इलाके में आईईडी ब्लास्ट में दो जवान घायल हो गये हैं। घटना उस वक्त की है, जब जवान गश्त सर्चिंग पर निकले हुए थे। घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक थाना बीजापुर के गंगालुर थाना क्षेत्र में कई बड़े नक्सल केडर की उपस्थिति की आसूचना पर इलाक़े में सर्च अभियान निकाला गया था, उसी दौरान आईईडी ब्लास्ट हुआ। जानकारी के मुताबिक थाना किरंदुल के बोडेपल्ली, पुरंगेल,कुवेम,पीडिया क्षेत्र में दंतेवाड़ा,बीजापुर तथा सुकमा डीआरजी बस्तर फ़ाईटर्स एवम् सीआरपीएफ़ कोबरा का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग पर निकला हुआ था। गश्त सर्चिंग के दौरान रात में प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गये थे। जवान को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर उपचार हेतु रायपुर के लिये एयरलिफ़्ट किया गया है।अभी रायपुर में हॉस्पिटल में दोनों घायल जवान का इलाज जारी है।दोनों जवान की स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है।


### रेलवे ट्रेक पर युवक ने पहले सेल्फी ली फिर ट्रेन के सामने कूद गया

**भिलाई,23 मार्च.** चंद्रा मौर्या टॉकिज के पीछे रेलवे ट्रैक पर शनिवार को एक युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली. इस घटना के बाद से युवक के माता पिता बेटे के इस कदम से हैरान है. वहीं परिजनों के अनुसार युवक भिलाई में स्पोकन इंग्लिश की क्लास करता था. 14 वर्षीय युवक की पहचान डोंगरगांव निवासी डोमेन्द्र साहू के रूप में हुई है. युवक के ट्रेन से काटने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. इस घटना में खास बात ये है कि रेलवे ट्रैक पर आने के बाद युवक ने एक सेल्फी लेकर अपने दोस्त को भेजा था. तब तक उसके दोस्त को नहीं पता था कि यह उसकी आखरी सेल्फी होगी. इस सेल्फी में युवक ने लिखा कि मैं मरना चाहता हूं, इसलिये मैं यहां हूं. युवक अपनी बुआ के घर पर रहकर पढ़ाई करता था. युवक ने यह कदम क्यों उठाया फिलहाल सुपेला पुलिस इस मामले की जांच कर रही है.

### कांग्रेस के 6 बागी विधायक बीजेपी में हो सकते हैं शामिल

**नई दिल्ली ,23 मार्च ।** हिमाचल प्रदेश में हाल के राज्यसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार के पक्ष में वोटिंग करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने विधानसभा सचिव को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उनमें से एक ने बताया कि वे बीजेपी में शामिल होंगे और उसके टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। वहीं सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के अयोग्य करार दिए गए 6 बागी विधायक भी बीजेपी में शामिल हो सकते है। बताया जा रहा है कि बीजेपी की तरफ से उन्हें भी टिकट दिए जाने का आश्वासन मिला है।

उधर, विधानसभा सचिव को इस्तीफा सौंपने वाले निर्दलीय विधायकों में आशीष शर्मा (हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र), होशियार सिंह (देहरा) और केएल ठाकुर (नालागढ़) शामिल हैं। इस्तीफा सौंपने से पहले तीनों विधायक शुक्रवार को शिमला पहुंचे और विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर से मुलाकात भी की। विधायक होशियार सिंह ने कहा, हमने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हम बीजेपी में शामिल होंगे और उसके टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।बता दें कि कांग्रेस के 6 विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने से प्रदेश की 6 विधानसभा सीटें खाली हुई हैं। इन पर अब लोकसभा चुनाव के साथ ही उपचुनाव होने हैं। हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा सीटों पर सातवें चरण में 1 जून को मतदान होगा।





## डिवाइडर से टकराई बाइक युवक-युवती की मौत

**रायपुर,23 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी में तेज रफ्तार ने युवक-युवती की जान ले ली. माना थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक पर सवार युवक युवती की डिवाइडर से टकराकर मौत हो गई. रफ्तार इतनी तेज थी कि टकराने के बाद बाइक 40 मीटर दूर फेका गई. हादसा देर रात 1.15 बजे की बताई जा रही है. माना चौक में ये दुर्घटना हुई है. जानकारी के मुताबिक युवक डीडी नगर स्थित किसी हॉस्टल में रहता था. हादसे की जानकारी मिलते ही 112 मौके पर पहुंची. जानकारी मुताबिक युवक-युवती बाइक पर घूमने के लिए एयरपोर्ट निकले थे. इस बीच पीटीएस चौंक के पास किसी दूसरी गाड़ी ने बाइक को ठोकर मार दी. जिससे दोनों की मौत हो गई. मृतक का नाम अमन तिवारी बताया जा रहा है. जो कि महाराजपुर कवर्धा का रहने वाला है. वहीं लड़की आडिजा पोद्दार सेक्टर 2 डीडी नगर की रहने वाली है.

### खड़े ट्रक से टकराकर बाइक सवार आरक्षक की मौत

**गरियाबंद,23 मार्च.** नेशनल हाईवे 130 सी में बारूका पुल के पास खड़ी धान से भरी ट्रक से टकराकर ड्यूटी पर आ रहे कांस्टेबल की मौत हो गई. बता दें कि ट्रक लापरवाही पूर्वक खड़ी की गई थी. हाइवे में बंद पड़ी ट्रक को लेकर चालक ने कोई भी इंडीगेशन का इस्तेमाल नहीं किया था. ना ही कोई जवाबदार इस ओर ध्यान दिया. इसी का नतीजा है कि शाम ढलते ही अंधेरा होने के बाद ये लापरवाही पुलिस वाले के लिए काल बन गई. सिटी कोतवाली गरियाबंद में कांस्टेबल के पद पर पदस्थ सुनील कुमार यादव देर शाम अपने निवास नागझर से कोतवाली ड्यूटी के लिए आ रहा था. इस दौरान नेशनल हाईवे पर लापरवाही पूर्वक खड़ी वाहन के डाला से सुनील की बाइक टकरा गई. हादसा तब हुआ जब विपरीत दिशा से आ रहे वाहन को साइड देने सुनील ने बाइक को किनारे लाने की कोशिश की. जबरदस्त टक्कर से जवान के सर में



गंभीर चोट आई. हादसे के बाद लोग तत्काल भर्ती कराने के बजाए मोबाइल में वीडियो बनाते रहे. घटना की जानकारी मिलने पर गरियाबंद पुलिस अपने वाहन से घायल जवान को जिला अस्पताल लेकर आई, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. जवान की दुखद मृत्यु की खबर से पूरा गरियाबंद पुलिस विभाग में मातम पसर गया है. कोतवाली प्रभारी कृष्ण कुमार जांगड़े सहित सिटी कोतवाली थाने का पूरा स्टाफ जिला अस्पताल में मौजूद था. इस दौरान सभी की आंखे गमगीन थी. कोतवाली प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है.

## जेल से गिरोह चलते हैं,सरकार नहीं : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली,23 मार्च.** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार सुबह आम आदमी पार्टी की उस टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे, उन्होंने कहा कि जेल के अंदर से केवल गिरोह चलते हैं। भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने दावा किया कि दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का जश्न मनाने के लिए मिठाइयां बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप प्रमुख ने राष्ट्रीय राजधानी को लूट लिया है। भाजपा सांसद ने कहा कि आप नेता ने दिल्ली को बदहाली के कगार पर पहुंचाने के लिए अपनी जान लगा दी है। दिल्ली की जनता उनसे बेहद नाराज है और इसीलिए उनकी गिरफ्तारी के बाद मिठाइयां बांटी गईं। उनकी



सरकार ने दिल्ली में कोई काम नहीं किया और सिर्फ लूटकर अपनी जेबें भरीं। केजरीवाल ने दिल्ली को लूटा है। अरविंद केजरीवाल को शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। वह जेल जाने वाले निवर्तमान मुख्यमंत्री बने। आप ने शुक्रवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहेंगे और वह जेल से ही सरकार चलाएंगे। बीजेपी ने नैतिक आधार पर अरविंद केजरीवाल से इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि जो लोग बार-बार कह रहे हैं कि वे जेल से सरकार चलाएंगे, तो याद रखें हमने जेल से सरकार नहीं बल्कि गिरोह चलते देखा है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने आज दावा किया कि उनकी पार्टी चाहती है कि अरविंद केजरीवाल बने रहें। उन्होंने कहा कि जनता जो कहेगी वही अरविंद केजरीवाल करेंगे। उन्होंने हमेशा लोगों की कही बातों के आधार पर बड़े फैसले लिए हैं। यह फैसला लेने से पहले उन्होंने अपने सभी विधायकों से संपर्क किया, बैठकें कीं और पार्षदों से मुलाकात की। हमने सभी वार्डों में लोगों से भी बात की। सभी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सीएम बने रहेंगे।

### पत्नी सुनीता ने पढ़ा केजरीवाल का संदेश

## ऐसी कोई जेल नहीं जो उन्हें लंबे समय तक सलाखों के पीछे रख सके

**नई दिल्ली,23 मार्च.** अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से दिल्ली के मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ा और कहा कि वह स्टील से बने व्यक्ति हैं और वह टूटेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता का आशीर्वाद केजरीवाल के साथ है और उन्होंने उनसे किये वादे पूरे किये हैं। केजरीवाल का बयान पढ़ते हुए सुनीता ने कहा कि भारत के अंदर और बाहर कई ताकतें हैं जो देश को कमजोर कर रही हैं। हमें सतर्क रहना होगा, इन ताकतों को पहचानना होगा और उन्हें हराना होगा। दिल्ली में महिलाएं सोच रही होंगी कि केजरीवाल सलाखों के पीछे हैं। कौन जानता है कि उन्हें 1000 रुपये मिलेंगे या नहीं। मैं उनसे अपील करता हूं कि वे अपने भाई, अपने बेटे पर भरोसा करें। ऐसी कोई जेल नहीं है जो उसे लंबे समय तक सलाखों के पीछे रख सके। केजरीवाल ने कहा कि मैं जल्द ही बाहर आऊंगा और अपना वादा निभाऊंगा। उनकी ओर से कहा गया कि मैं आम आदमी पार्टी (आप) के सभी कार्यकर्ताओं से भी अपील करता हूं कि मेरे जेल जाने से समाज कल्याण और जन कल्याण का काम नहीं रुकना चाहिए। इससे बीजेपी वालों से नफरत मत करो। वे हमारे भाई-बहन हैं। मैं जल्द ही वापस आउंगा। इससे पहले सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि आपके 3 बार चुने हुए मुख्यमंत्री को मोदीजी ने सत्ता के अहंकार में गिरफ़्तार करवाया। सबको क्रश करने में लगे हैं। यह



दिल्ली के लोगो के साथ धोखा है।आपके मुख्यमंत्री हमेशा आपके साथ खड़े रहें हैं।अंदर रहें या बाहर, उनका जीवन देश को समर्पित है।जनता जनार्दन है सब जानती है। आपको बता दें कि दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार (22 मार्च) को सीएम केजरीवाल को कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सात दिन यानी 28 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। शराब नीति मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम गुरुवार को केजरीवाल के आवास पर पहुंची। उनके आवास पर चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान, केजरीवाल को नाटकीय परिस्थितियों के बीच गिरफ्तार कर लिया गया.

### तिहाड़ में आपका स्वागत है, केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बोला महाठग सुकेश


**नई दिल्ली,23 मार्च.** जबरन वसूली के आरोप में जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को बेनकाब करने की धमकी दी। दिल्ली शराब घोटाले में केजरीवाल को 28 मार्च तक छह दिन की हिरासत सौंपे जाने के बाद चंद्रशेखर ने कहा कि सच्चाई की जीत हुई है, मैं तिहाड़ जेल में उनका स्वागत करता हूं। मैं उन्हें बेनकाब कर दूंगा, मैं केजरीवाल और उनकी टीम के खिलाफ सरकारी गवाह बन जाऊंगा। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि उन्हें सजा दी जाए। इससे पहले शुक्रवार को, ठग ने एक पत्र लिखा था जिसमें उसने केजरीवाल और उनके पूर्व मंत्रियों पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि तीन भाई अब तिहाड़ क्लब चलाएंगे। फरवरी में चंद्रशेखर ने आरोप लगाया था कि केजरीवाल के खिलाफ पहले की गई शिकायतों और बयानों को वापस लेने के लिए पिछले तीन दिनों से उन पर दबाव की रणनीति अपनाई जा रही थी, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए टिकट भी शामिल था।

### बस-ट्रक में भिड़ंत 5 लोगों की मौत

**रांची ,23 मार्च ।** झारखंड के लोहरदगा जिले में कुडू के पास बीती रात बारातियों से भरी बस और हाइवा ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मृतकों में तीन बच्चे शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल करीब एक दर्जन लोगों को इलाज के लिए रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया है।

बारातियों से भरी बस रांची के बोड़ेया से गुमला के विशुनपुर लौट रही थी। रात करीब दस बजे कुडू में टाटी चौक के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की बस से सीधी भिड़ंत हो गई।

चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि, तब घायलों को बस से निकालकर इलाज के लिए लोहरदगा और रांची भेज दिया गया था।



### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आधिकारिक यू-ट्यूब चैनल लाँच

**रायपुर 23 मार्च।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अधिकारिक यूट्यूब चैनल लांच हो चुका है। सीएम साय ने मुख्यमंत्री निवास से अपना यूट्यूब चैनल लांच किया, जिसमें पहला वीडियो होली की बधाई वाला फाग गीत अपलोड किया गया। यूट्यूब लांचिंग के बाद सीएम साय ने अपने कहा कि प्रदेश की 3 करोड़ जनता से जुड़ाव और हमारे सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं और समसामयिक क्रियाकलापों की जानकारी सीधे उन्हें मिल सकें इसलिए अपना यूट्यूब चैनल लांच किया है। जिसके माध्यम से प्रदेश की जनता हमसे जुड़ सकती है। आप सभी सीएम साय के आधिकारिक यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब कर उनसे जुड़ सकते हैं।

## हिंदू धर्म में शक्ति शब्द का प्रयोग देवियों के लिए होता है: गृहमंत्री

**रायपुर,23 मार्च**

इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर सियासी दलों के बीच घमासान मचा हुआ है. जिसे लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने निशाना साधा था. अब उनके बयान पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पलटवार किया है. विजय शर्मा का कहना है कि इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए 20 हजार करोड़ रुपए जारी किए गए. भाजपा के पक्ष में 6 हजार जारी हुए. बाकी 14 हजार किसके पक्ष में जारी हुए. हमारे सांसद 303 हैं और उनके 240 हैं. उसके बाद भी भाजपा दोषी. जनता किसका अकाउंट बंद करेगी यह



जल्द पता लग जाएगा.इतना ही नहीं बस्तर लोकसभा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी घोषित नहीं करने को लेकर भी तंज कसा है. उनका कहना है कि कन्फ्यूजन की स्थिति है. इनमें से कोई चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे हैं. जैसे सचिन पायलट चुनाव नहीं लड़ना चाहते, वैसे ही यहां की स्थिति भी है. वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, हिंदू धर्म में शक्ति शब्द का प्रयोग देवियों के लिए होता है. प्रधानमंत्री मोदी ने भी स्पष्ट किया है कि वह शक्ति के विनाशक हैं और हम शक्ति के उपासक. कांग्रेस 1 लाख रुपए महिलाओं को सालाना देने के लिए फार्म भरवा रही है. इसको लेकर भी डिप्टी सीएम का बयान सामने आया है. उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव के समय भी इनकी घोषणाएं भाजपा से अधिक थी. माताओं-बहनों ने इनकी बात नहीं मानी. पीएम मोदी के काम से सबको स्पष्ट है कि देश कैसा चाहिए. कांग्रेस नेता सुरेंद्र दाऊ ने की सुरक्षा की मांग मामले में डिप्टी सीएम के विजय शर्मा ने कहा, अगर इतनी बड़ी बात है तो जरूर इसकी समीक्षा होगी. सुरेंद्र दाऊ खुद ऐसा कह रहे हैं तो वह चिंता का विषय है. उनके व्यक्तिगत के लिए और छत्तीसगढ़ की राजनीतिक संस्कार के लिए भी चिंता का विषय है. ऐसा नहीं होना चाहिए. कांग्रेस अपने रूठे नेताओं को मानने की कवायद कर रही है इस पर भी विजय शर्मा ने तंज कसा है. उनका कहना है कि सारी जनता इनसे रूठ चुकी है. घर-घर जाकर सबको मनाना चाहिए. पसीना बहाना चाहिए. इनकी नियति जनता ने निर्धारित की है.

### पीएम मोदी ने भारत की सहायता से भूटान में बने आधुनिक अस्पताल का किया उद्घाटन

**थिम्पू ,23 मार्च ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान में अपने समकक्ष शेरिंग टोबगे के साथ ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अस्पताल को अत्याधुनिक बताया, जो भारत सरकार की सहायता से बनाया गया है। पीएम मोदी ने इसे कई परिवारों के लिए 'आशा की किरण' बताया। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर कहा, ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन किया, जो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर कई परिवारों के लिए आशा की किरण है। यह सुविधा एक स्वस्थ भावी पीढ़ी के पोषण की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।भारत सरकार ने 150 बेड के इस अस्पताल को बनाने में सहायता दी है। अस्पताल के पहले चरण के निर्माण में 22 करोड़ की लागत आई थी, जो 2019 से ही चालू है। अस्पताल के दूसरे चरण का निर्माण कार्य 2019 में शुरू किया गया था। वहीं, 12वीं पंचवर्षीय योजना के हिस्से के रूप में 119 करोड़ की लागत से अब इस अस्पताल को पूरा किया गया है।

### बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट के आरोपियों की तस्वीरें आईं सामने

**बेंगलुरु ,23 मार्च ।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए ब्लास्ट में शामिल आरोपियों की असली तस्वीरें सामने आ गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले में दो आरोपियों की पहचान हो गई है। दोनों ही आरोपी शिवमोग्गा के ढ्ढस्ढ्ढस् मॉड्यूल से जुड़े हैं और इससे पहले भी एक मामले में शामिल रहे हैं। मुख्य आरोपी मुख्य आरोपी मुसाविर हुसैन शाजिब कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में स्थित तीर्थहल्ली का निवासी है। दूसरा आरोपी अब्दुल माथेरन ताहा भी तीर्थहल्ली का ही रहने वाला है। एनआईए सूत्रों ने विस्फोट से पहले उनके मूवमेंट की जांच की और पाया कि दोनों चेन्नई के ट्रिप्लीकेन में एक लॉज में रुके थे और विस्फोट के बाद फिर से चेन्नई लौट आए। आरोपी का आखिरी ठिकाना आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में पाया गया है, जिसकी सीमा तमिलनाडु से लगती है। बता दें कि ढ्ढ ने पहले ही मुख्य आरोपी के लिए इनाम की घोषणा कर दी है। ढ्ढ ने इस मामले में संदिग्ध बम हमलावर की जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के इनाम का ऐलान किया था। एनआईए ने 'एक्स' पर संदिग्ध बम हमलावर की तस्वीर पोस्ट की थी जिसमें वह टोपी, मास्क और चश्मा लगाकर कैफे के अंदर दाखिल होते हुए दिख रहा है। एनआईए ने फोन नंबर और ईमेल आईडी साझा करते हुए कहा है कि इनके माध्यम से लोग इस 'अज्ञात' व्यक्ति के बारे में सूचना भेज सकते हैं।

बता दें कि एक मार्च को पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे के अंदर विस्फोट होने से कम से कम 10 लोग घायल हो गये थे। संदेह है कि यह ब्लास्ट ढ्ढश्वष्ठ के जरिए किया गया था। धमाके के शीघ्र बाद कर्नाटक पुलिस ने कठोर गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। रामेश्वरम कैफे विस्फोट के एक सप्ताह बाद सख्त सुरक्षा के बीच फिर से खोल दिया गया था।

### भाजपा उम्मीदवारों ने निजी कारणों का हवाला देकर उम्मीदवारी वापस ली

**अहमदाबाद,23 मार्च.** गुजरात की वडोदरा और साबरकांठा सीट से भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के दो उम्मीदवारों ने शनिवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा व्यक्ति की। वडोदरा सीट से घोषणा की कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते। उन्होंने लिखा, ÷मैं, भीकाजी ठाकोर निजी कारणों से साबरकांठा से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने का इच्छुक नहीं हूं। भट्ट को वडोदरा लोकसभा सीट से दोबारा उम्मीदवार बनाए जाने के भाजपा के फैसले की आलोचना



इस बार भी टिकट पाने वाली मौजूदा सांसद रंजन भट्ट ने घोषणा की कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहतीं। भाजपा के कुछ वर्गों में उनकी उम्मीदवारी को लेकर विरोध हुआ है। इसके तुरंत बाद, साबरकांठा से पार्टी के उम्मीदवार भीकाजी ठाकोर ने भी चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई। भट्ट ने 'एक्स' पर लिखा, मैं रंजनबेन धनंजय भट्ट निजी कारणों से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की इच्छुक नहीं हूं। इसी तरह, ठाकोर ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर करते हुए शहर के कई स्थानों पर बैनर लगने के कुछ दिन बाद उन्होंने यह फैसला किया है। भाजपा के कुछ स्थानीय नेताओं ने भट्ट को उम्मीदवार बनाए जाने पर नाखुशी प्रकट की थी। वडोदरा से तीसरी बार उम्मीदवार के रूप में भट्ट के नाम की घोषणा के बाद भाजपा की राष्ट्रीय महिला शाखा की उपाध्यक्ष ज्योतिबेन पंड्या ने पार्टी और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वडोदरा सीट छोड़ने के बाद 2014 में हुए उपचुनाव में जीत हासिल की थी।

## भाजपा नेता हत्या मामले में जांच के लिए एनआईए की टीम पहुंची

**रायपुर 23 मार्च।** छत्तीसगढ़ में हाल के दिनों में हुई हत्या की वारदात को लेकर एनआईए की इंट्री हो चुकी है। भाजपा नेता की विधानसभा चुनाव के पहले हुई हत्या मामले की जांच अब एनआईए ने शुरू कर दी है। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में बीजेपी नेता बिरझू तारम हत्या हुई थी। इस घटना की जांच की घोषणा सीएम साय ने की थी। अब उस मामले में छत्तीसगढ़ में एनआईए की एंट्री हो चुकी है। इधर एनआईए जांच को लेकर एसपी वाईपी सिंह ने कहा कि, बिरझू तारम सहित अन्य नक्सली घटनाओं में हुई मौतों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने शुरू कर दी है। एनआईए की जांच में हम सभी उनका सहयोग करेंगे और उन्हें हर संभव मदद देंगे। बस्तर के झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं



के हत्याकांड की परते खंगालने वाली राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए अब पहुंच चुकी है। आपको बता दें कि विधानसभा चुनाव के दौरान नक्सलियों ने मोहला-मानपुर, अंबागढ़-चौकी जिले के औंधी तहसील में भाजपा नेता बिरझू तारम की हत्या कर दी थी। जानकारी के मुताबिक बिरझू तारम गांव में घुसकर सशस्त्र नक्सलियों ने गोली मारकर की थी।

विधानसभा चुनाव के ठीक पहले हुई इस वारदात से सियासत भी गरमा गयी थी। 2023 की इस वारदात के पहले भी नक्सलियों ने वर्ष 2021 में परदोनी सरपंच मैनू सलाम, वर्ष 2022 में इंदल शाह मडावी खेड़ेगांव निवासी को मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में सांसद संतोष पांडे ने टारगेट किलिंग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर एनआईए जांच की मांग की थी। जिसके बाद मुख्यमंत्री श्री साय की सहमति के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने इन हत्याकांड को लेकर जांच शुरू कर दी है।

एक नजर

## करंट लगने से मौत

**उतई, 23 मार्च।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र एक कंपनी फेरो मेटल्स कंपनी में 11 मार्च को काम करने के दौरान एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई थी। घटना की जांच में कंपनी के एक हाइड्रा चालक की लापरवाही उजागर हुई जामुल पुलिस ने आरोपित हाईड्रा चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा के तहत प्राथमिकी की है। पुलिस ने बताया कि मिनीमाता नगर नेवई निवासी अरुण कुमार साहू (21) 11 मार्च को फेरो मेटल्स कंपनी में काम करने के लिए गया था वह हाइड्रा के नीचे बूम पकड़कर काम कर रहा था आरोपित हाइड्रा चालक ने लापरवाही पूर्वक काम करते हुए बूम को काफी ऊपर उठा दिया। जिससे बूम हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया और नीचे करंट लगने से अरुण साहू की मौत हो गई मामले की जांच के बाद हाइड्राचालक गौतम देवांगन के खिलाफ जामुल पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धारा के तहत प्राथमिकी की है बता दें कि अरुण साहू 11 मार्च को काम करने के लिए पहले दिन कंपनी में गया था और पहले ही दिन उसकी करंट लगने से मौत हो गई थी।

## पशु क्रूरता मामले में कार्रवाई



**भिलाई।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र एक युवक ने बिना किसी कारण के एक कुत्ते को पत्थर से मार मारकर घायल कर दिया इसका वीडियो प्रसारित होने के बाद खुर्सीपार थाने पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया उसके खिलाफ पशु के प्रति क्रूरता और प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि खुर्सीपार निवासी आरोपित लक्की राव ने पत्थर से मार मारकर घायल कर दिया था आरोपित का यह क्रूर रवैय्या सीसीटीवी कैमरे में कैद गया घटना का वीडियो प्रसारिंत होने के बाद खुर्सीपार पुलिस के पास इसकी शिकायत पहुंची जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार किया और जेल भेजा है ।

## दो दिवसीय कार्यशाला उद्‌घाटित



**भिलाई, 23 मार्च ।** शुक्रवार को बीएमडीसी में संयंत्र कार्मिक विभाग और सतर्कता विभाग के विभिन्न अधिकारियों के लिए डिसीप्लीनरी प्रोसीडिंग एंड डोमेस्टिक इंक्वायरी पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने किया। महाप्रबंधक संजीव कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के महत्व और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी प्रासंगिकता के संदर्भ में अपने विचार रखे। दो दिवसीय कार्यक्रम के फैकल्टी, शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व डायरेक्टर एस पी एस जग्गी ने सभा को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कार्यशाला से संबंधित अपनी अपेक्षाओं के बारे में बात की और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभागियों को एस पी एस जग्गी की समृद्ध विशेषज्ञता से निश्चित ही लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का समन्वय और संचालन प्रबंधक सुश्री अवंती वुचुला ने किया।

## भिलाई निगम के करों का कर सकते हैं ऑनलाइन भुगतान

**भिलाई, 23 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई ने अपने क्षेत्र के करदाताओं के लिए आनलाईन टैक्स भुगतान की सुविधा प्रदान किया है, जो हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में संपादित किया जा सकता है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने भिलाई निगम क्षेत्र के संपत्तिकर, जलकर, भू-भाटक एवं दुकान किराया की राशि भुगतान के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में वेबसाईट लाँच किये हैं। ताकि भिलाई के करदाता आसानी से घर बैठे अपने टैक्स राशि का भुगतान कर सकें निगम की वेबसाईट में संपत्ति कर बटन पर क्लिक करने पर संपत्ति कर में रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आएगा, ओटीपी डालने पर संपत्ति कर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लिक करने पर विकल्प के रूप में क्रेडिट, डेबिट, नेट बैंकिंग, यूपीआई पूछा जाएगा जिस पर क्लिक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाइट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी, जिसे भवन मालिक प्रिंट कर सुरक्षित रख सकते है। इसके अलावा हेल्प लाईन नम्बर 9153986401 में कॉल करके अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से भी भवन स्वामी निगम के देय करो की जानकारी प्राप्त कर सकते है। निगम द्वारा भी सम्पत्ति कर विभाग में भवन मालिक के पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस. से करो की जानकारी भेजी जा रही है। गौरतलब है कि 31 मार्च के पूर्व नागरिक अपने आवासीय, व्यावसायिक भवनों के संपत्ति कर सहित निगम के अन्य देय कर राशि को जमा करके 1 अप्रैल से लगने वाले 18 प्रतिशत अधिभार तथा एक हजार रुपये शस्ति शुल्क की राशि से बच सकते हैं।

## चुनाव पर्व में जिले का हर वर्ग ले रहा बढ़-चढ़कर हिस्सा

**धमतरी 23 मार्च ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत चुनाव पर्व में जिले का हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान वे अपने रोजमर्रा के कार्यों के साथ ही मतदाताओं को शत्-प्रतिशत मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा आकर्षक नारा-स्लोगन को दर्शाते चौक-चौराहों में होर्डिंग के माध्यम से मतदाताओं जागरूक किया जा रहा है।

महिलाओं ने गांवों की गलियों में निकाली मतदाता जागरूकता रैली-स्वीप गतिविधियों के तहत आज अनंतदीप महिला क्लस्टर भरदा की महिलाओं ने गांव की गलियों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण



**भिलाई, 23 मार्च।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु बीएलओ के प्रशिक्षण में शामिल हुई। एआरओ हरवंश मिरी की अध्यक्षता में यह प्रशिक्षण बीआईटी दुर्ग में संपन्न हुआ। कलेक्टर ने इस मौके पर बूथ लेवल ऑफिसर्स से चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में कोई भी दिव्यांग, थर्ड जेण्डर, एवं सीनियर सिटीजन (85 वर्ष से अधिक) मतदाता मतदान करने से वंचित न होने पाए। हर क्षेत्र से शत्-प्रतिशत मतदान करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को नगर निगम एवं स्कूलों के वालिन्टियर्स के सहयोग से सभी विधानसभा क्षेत्रों में इन वर्गों के लोगों का आकलन कर इनके लिए मतदान सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने को कहा। निर्वाचन ड्यूटी पर नियुक्त किए गए अधिकारी कर्मचारियों को आपस से समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बिजली, व्हील चेयर एवं छायादार विश्राम स्थल की व्यवस्था हो, जहां पर बुजुर्ग, बीमार, मतदाताओं के साथ आए छोटे बच्चें एवं गर्भवती महिलाएं विश्राम कर सके। केंद्रों में एएनएम और वॉलिंटियर भी रहेंगे। कलेक्टर एवं एसपी ने शंकराचार्य विश्वविद्यालय पहुंचकर मतगणना केंद्र का लिया जायजा आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं एसपी जितेंद्र शुक्ला ने अधिकारियों के साथ आज मतगणना केंद्र शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज दुर्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री चौधरी ने मतगणना केंद्र की संपूर्ण तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। उन्होंने मतगणना के दौरान आवश्यक तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था संबंधित जानकारी ली। उन्होंने मीडिया बॉक्स को मतगणना केंद्र के और पास बनाने कहा ताकि जनता तक समय में मतगणना संबंधित जानकारी पंहुच सके। उप निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे ने सभी तैयारियों के बारे मे कलेक्टर को विस्तार से बताया एवं शांतिपूर्ण कार्य निष्पादन का आश्वासन भी दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन, आयुक्त नगर निगम भिलाई देवेश ध्रुव, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

कलेक्टर और एसपी ने हथखोज में निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर भी देखानिरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने हथखोज भिलाई स्थित ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण कार्य भी देखा। दो फेज में बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर से जिले के वाहन एवं ट्रांसपोर्ट व्यापारियों को राहत मिलेगी।

कलेक्टर ने परिसर में बन रहे पार्किंग एवं कॉम्प्लेक्स में पेयजल, जल निकासी एवं शौचालय की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने निर्माण कार्यो की विस्तृत जानकारी ली। जिस पर संबंधित अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य अक्टूबर माह तक पूरा हो जाएगा। योजना अनुरूप बारिश के समय न होने वाले कार्यो को 15 जून से पूर्व एवं शेष कार्यो को अक्टूबर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड का किया निरीक्षण

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के परिपेक्ष्य में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने 22 मार्च 2024 को खपरी कुम्हारी स्थित छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड के निरीक्षण के लिए पहुंचे। कलेक्टर ने वहाँ मंदिरा के उत्पादन, बॉटलिंग एवं प्रदाय व्यवस्था का निरीक्षण किया और वहाँ तैनात आबकारी अधिकारियो से पूरी जानकारी ली। विधानसभा निर्वाचन के लिए लागू आदर्श आचार संहिता की अवधि में आसवनी में सतर्कता एवं मुस्तैदी से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। आसवनी में सुरक्षा एवं निगरानी हेतु सशस्त्र बल की तैनाती की गई है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त नगर निगम भिलाई देवेश ध्रुव, सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल, छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज के नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## भाजपा प्रवेश का दौर जारी, भाजपा उतई मंडल महामंत्री सोनू राजपूत के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने किया प्रवेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 23 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन परिसर में उतई मंडल के नगर पंचायत उतई,ग्राम घुघसीडीह,मचांदुर, हनोदा,खम्हरिया,डुमरडीह, धनोरा,खोपली,करगाडीह, कातरो,से सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं अन्य लोग भाजपा में शामिल हुए। दुर्ग लोकसभा के सांसद प्रत्याशी विजय बघेल,विधायक ललित चंद्राकर,ने भाजपा प्रवेशित लोगों को पार्टी का गमछा पहना कर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,महामंत्री सोनू राजपूत,पुकेश चंद्राकर,प्रवीण यदु,सतीश चंद्राकर,लक्ष्मीनारायण साहू,रूपेश पारख,नरेंद्र साहू,फलेंद्र राजपूत,शीतला ठाकुर,बिमला कामड़े,नवाब खान,धनराज साहू,करण सेन,डिलेश साहू,मनोज चंद्राकर,हरीश यादव,चंदु देवगंगन,शुभम वर्मा,राजूलाल साहू,दानेश्वर यादव,लेखराम साहू,संतोष सपहा, किशन यादव,मानी निषाद,चिंटू सिन्हा, दीपक यादव,लुकेश,प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। भाजपा प्रवेश होने वाले में प्रमुख रूप से,रंजना चंद्राकर,भारती,पूजा,काव्या यादव,कविता मंडावी,हेमलता साहू,चितरेखा, तुलसी,श्याम बाई,परमिला यादव,चंद्रिका,केजा बाई,साबाना मरकाम,ममता,शीतल,लोचन,लक्ष्मीनारायण, मोहन,अश्वनी, गोपाल, भुनेश्वर,अरुण बघेल,नागेश सोनी,शुभम, राकेश,राम नेताम,छन्नू यादव,बैशाखू निषाद,जिज्ञासु,पुनश्च, हेमंत, पुरषोत्तम, ईश्वर वर्मा,हिमांशु, अनिता वर्मा,शशि माहेश्वरी,मैना वर्मा,कैलाश राजपूत,डॉ गौतम,गौतम चंद्राकर,करण देशमुख,तुमन चंद्राकर, वैभव,चिमेश्वर,ओपी,डी शंकर,बसंत सोनवानी,रमेश साहू,नवीन,सुरेश साहू,ईश्वर साहू,छानुलाल साहू, मुकेश साहू प्रमुख रूप से रहें।



## पर्यावरण प्रबंधन विभाग में राजभाषा कार्यशाला संपन्न

**भिलाई, 23 मार्च ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा मुख्य महाप्रबंधक दिब्येन्दु लाल मोइत्रा के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक सुश्री उमा कटोच, महाप्रबंधक संजय कुमार, सहायक महाप्रबंधक सुश्री बित्रा अनुराधा तथा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि दिब्येन्दु लाल मोइत्रा ने कहा कि हिंदी में टंकण के लिए वॉइस टाइपिंग एक अत्यंत सरल उपाय है, हम सरल हिंदी लिखें व बोलें, कठिन शब्दों की बजाय सरल शब्दों में लेखन एवं पत्राचार आदि करें ताकि हर स्तर का व्यक्ति हिंदी में सहजता का अनुभव करे। इस प्रकार से हम हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि कर सकते हैं। हमने राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हेतु सतत प्रयास किया है। विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी सुश्री बित्रा अनुराधा ने बताया कि विभाग में अधिकाधिक कार्य हिंदी में किया जा रहा है।

## कांग्रेस प्रत्याशी का नगर पंचायत उतई में स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 23 मार्च।** नगर पंचायत उतई के कर्मा भवन में जोन स्तर के कार्यकर्ताओ की बैठक संपन्न हुई जिसमें लोकसभा के लोकप्रिय प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने सभी कार्यकर्ता को मिलजुल कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा अगर कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता आम जनों तक अपनी बात पहुंचाकर समर्पित भाव से काम करेंगे तो हमें जीत जरूर मिलेगी।सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर पार्टी को समर्पित बहुत पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर लोकसभा में विजय दिलाने के लिए संकल्प लिया इस दौरान निर्मल कौसरे जी केशव बंटी हरमुख जी रविंद यादव प्रदीप चंद्राकर नंदकुमार सेन डीकेंद्र हिरवाणी पार्षद प्रहलाद वर्मा तोशन साहू वीरेंद्र गोस्वामी सुरता सिंह गढे राकेश साहू संजय गोस्वामी सरपंच घनश्याम साहू टिकेंद्र ठाकुर महेश कौशिक जोन स्तर के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता भीष्म हिरवाणी राजेश साहू रूपेन्द्र साहू घनश्याम गजपाल डोमन हिरवाणी युवा साथी कैलाश देवांगन तोरण ठाकुर धनंजय नेताम प्रेम नारायण साहू कैलाश देवांगन सत्यप्रकाश कौशिक टीकम यादव छत्रपाल देवांगन शुभम बमभोले महिला कार्यकर्ता राधिका हिरवानी पूनम हिरवानी सुनीति साहू मालती सोनवानी अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम ने की आभार प्रकट दिवाकर गायकवाड़ ने की।

## धनोरा में जलेगी पुराने कपड़ों व नारियल-नीबू की होली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 23 मार्च। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग से लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर है। भिलाई रिसाली से लगा हुआ एक ऐसा गांव है जहां पर नींबू - नारियल वह पुराने कपड़ों की होली जलाई जाती है । धनोरा दुर्ग में 24 मार्च रविवार को शाम 4 बजे दरबार के सभी भक्तजन इकठ्ठा होकर नाला के पास बिराजे बघुवा की मूर्ति की पूजा कर लालरंग की चुनरी वह नारियल, पान, फूल, मिठाई, हार एवं केसरिया झंडा चढ़ाकर सभी भक्तों की खुशहाली एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करेंगें। वापस दरबार में आकर लक्ष्मण बाबा एवं नंद पंडा, मनोज पटेल ,राजू यादव एवं गज्जू रायपुरिया के द्वारा हनुमान एवं होली की पूजा की जाएगी। फिर चकमक की चिंगारी से होली जलाई जायेगी । इसके बाद भक्तगण अपने-अपने शरीर से पुराना कपड़ा उतारकर नारियल नींबू के साथ होली में डालेगे। रात्रि में श्री राधा कृष्ण फाग एवं सेवा भंजन मंडली के भाई गुलाब साहू की मंडली द्वारा फाग गीत गाया जाएगा। सभी भक्त नगाड़े के थाप पर थिरकते हुए नजर आते हैं। एक दूसरे पर रंग गुलाल लगा कर भाईचारा का संदेश देते हुए अपने-अपने घर को चले जाते हैं । इस होली में शामिल होने के लिए बहुत दूर-दूर से लोग आते हैं । इस तरह की होली छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के धनोरा गांव में ही जलती हैं यह जानकारी दरबार प्रतिनिधि चंद्रकांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी ।

## होली पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई

**भिलाई, 23 मार्च।** होली त्योहार के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु ए.डी.एम. अरविन्द एक्का द्वारा अधिकारियों की कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार मुकेश रावटे अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग को अनुभाग दुर्ग ग्रामीण/शहर अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्र, प्रफुल्ल कुमार गुप्ता तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। पवन ठाकुर, अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य, मजि. दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। गुरुदत्त पंचभाये, अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य. मजि. भिलाई नगर को . अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। ढालसिंह बिसेन, नायब तहसीलदार एवं कार्य, मजि दुर्ग को. अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। दीपक निकुंज, अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन को अनुविभाग पाटन के अन्तर्गत समस्त थाना क्षेत्र, उत्तम कुमार ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार एवं कार्य, मजि. पाटन को अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। श्रीमती मीना साहू, अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य, मजि. पाटन को अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। भूपेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार, एवं कार्य. मजि. पाटन को अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। इसी प्रकार सोनाल डेविड, अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा को अनुभाग धमधा के अन्तर्गत समस्त थाना क्षेत्र, पंचराम सलामे, तहसीलदार एवं कार्य, मजि. धमधा को अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। श्रीमती कविता पटेल, नायब तहसीलदार एवं कार्य, मजि. धमधा को अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे।



## ग्राम पुसेवाड़ा में चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिलाई, 23 मार्च ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 21 मार्च को ढूल्की माइन्स के समीप स्थित ग्राम पुसेवाड़ा में किया गया। शिविर में कुल 64 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया

## महिला पर पति ने किया चाकू से जानलेवा हमला



**भिलाई, 23 मार्च** भिलाई जीआरपी चौकी चरोदा क्षेत्र अपने पति से 14 साल से अलग रह रही महिला पर उसके पति ने चाकू से जानलेवा हमला किया है घटना का शिकार हुई महिला की हालत गंभीर है मामले की शिकायत होने पर जीआरपी चरोदा पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा 307 के तहत कार्रवाई कर घटना जी केबिन चरोदा निवासी जावेद अख्तर की शिकायत पर उसके पिता जमील खान (58) के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी की गई है चरोदा जीआरपी चौकी पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता की मां कमरूल निशा 14 साल से उसके पिता से अलग अपने पुश्तैनी मकान कैंप-एक में रहती है वहीं उसका पिता जी केबिन चरोदा में अलग रहता है वहीं शिकायतकर्ता और उसके भाई मोहम्मद इकबाल और अकबर आसमी भी जी केबिन चरोदा में रहते हैं पुलिस शिकायतकर्ता की मां उनके घर आई थी गुरुवार की सुबह शिकायतकर्ता की मां ने उसे सब्जी लेने के लिए भेजा वहीं उसके भाई अपने अपने काम पर चले गए वह सुबह वापस अपने घर पहुंचा तो उसकी मां कमरून निशान बाड़ी में घायल अवस्था में पड़ी हुई थी उसके पीठे छाती और पैर में चाकू से मारने के निशान थे शिकायतकर्ता ने मां से घटना के बारे में पूछा तो उसने उसे बताया कि उसके पिता जमील खान ने जान से मारने की नीयत से उस पर चाकू से वार किया इसके बाद शिकायतकर्ता ने अपने दोनों भाइयों को घटना की जानकारी दी और अपनी मां को अस्पताल पहुंचाया शासकीय अस्पताल से उसकी मां को एम्स रायपुर रेफर कर दिया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है जीआरपी चरोदा चौकी पुलिस ने आरोपित जमील खान के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है आरोपित को रिमांड पर जेल भेजा गया है ।

## जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने किया संयुक्त दल गठित

**धमतरी 24 मार्च ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन को प्रभावित करने वाले प्रलोभन को रोकने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद और धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा अंतर्गत पुलिस, आबकारी, वाणिज्य कर, परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को सतत् निरीक्षण कर कार्यवाही करने संयुक्त दल गठित किया है।

## रामनवमीं पर शोभायात्रा के ध्वज प्रमुखों का सम्मान समारोह 31 मार्च को



**भिलाई, 23 मार्च ।** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात भिलाई में आगामी श्रीरामनवमी उत्सव को लेकर रामभक्तों में हर्ष का माहौल है। श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा विगत 38 वर्षों से मनाए जा रहे श्री रामनवमी कार्यक्रम को और भी भव्यता के साथ मनाने की तैयारियों शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में समिति द्वारा 1100 से अधिक मंदिरों से निकलने वाली शोभायात्रा के ध्वज प्रमुखों का सम्मान समारोह 31 मार्च को आयोजित किया जा रहा है, जिसके संबंध में सभी प्रखंडों में बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। समिति के जिलाध्यक्ष मदन सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी सनातनियों के लिए यह हर्ष का विषय है कि अयोध्या में श्रीरामलला अपने भव्य धाम में विराजमान हो गये हैं। श्रीराम जन्मोत्सव समिति जिसकी नींव ही श्रीराम मंदिर आंदोलन के साथ ही रखी गई थी, इसका संकल्प भी पूरा हुआ। श्री रामलला के विराजमान होने के पश्चात समिति द्वारा इस इस आयोजन को और भी भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके पूर्व 31 मार्च को सभी ध्वज प्रमुखों का सम्मान सेक्टर 10 गुण्डिचा मण्डप में किया जा रहा है। समिति के प्रांतीय महामंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि ध्वज प्रमुखों के सम्मान समारोह के संबंध में गत दिवस सभी प्रखण्डों में बैठकों का आयोजन किया गया। साथ ही 1 अप्रैल से शुरू होने वाले एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य रूप से प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, विष्णु पाठक, रविंद्र भगत, अरविंद वर्मा ,अजय पाठक, गिरगेश पांडेय, जोगिंदर शर्मा, मेघा कौर, गीतांजलि कौशिक, मेवालाल यादव, तिलक राज यादव, पुष्पा पटेल , राम अवतार जंघेल, शरद विजवे, मनु शर्मा, अशोक भारद्वाज, रामचंद्र साहू, पिंकू तिवारी, सहित बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ध्वज प्रमुख उपस्थित थे।

## टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति में आ रही समस्या का किया गया समाधान

**भिलाई, 23 मार्च ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के पी एच ई अनुभाग द्वारा टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में विगत दिनों से जलापूर्ति में आ रही समस्या का समाधान कर पानी सप्लाई को बहाल किया गया। 18 मार्च की रात को बीएसपी टाउनशिप के हॉस्पिटल सेक्टर क्षेत्र में क्वाटर नम्बर डी 36/37 के पास दो वाल्व के सामान को अज्ञात लोगों के द्वारा चोरी कर लिया गया था। इसके बाद पुनः 19 मार्च की रात सेक्टर 9 के के पीछे वाल्व का सामान चोरी कर लिया गया। इसकी वजह से हॉस्पिटल सेक्टर व सेक्टर 9 की जल आपूर्ति प्रभावित हो गई थी। जिसे नगर सेवाएं विभाग के पी एच ई अनुभाग द्वारा मरम्मत करके तुरंत पानी सप्लाई को बहाल किया गया। 22 मार्च को पुनः सेक्टर 9 क्षेत्र में सेंट्रल एवेन्यू के बाजू में नहर के पास स्थित दो वाल्व एवं सड़क 7 व सड़क 10 के बीच स्थित वाल्व के कवर को चोरी कर लिये जाने की वजह से सेक्टर 9 के कुछ हिस्सो में तथा सेक्टर 8 क्षेत्र की जल आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई थी। जिससे उक्त क्षेत्रों के निवासियों को पीने योग्य पानी की आपूर्ति के लिए परेशानी बढ़ गई थी। जिसे भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवायें विभाग के पी एच ई अनुभाग द्वारा सुबह 11 बजे तक मरम्मत करके पानी सप्लाई को बहाल किया गया। पूर्व के घटना क्रम की जानकारी लिखित में 20 मार्च को सेक्टर 6 थाना प्रभारी को दे दी गई हैं, जिसमें टाउनशिप में इस तरह चोरी की घटनाओं के चलते आम नागरिकों को होने वाली असुविधाओं का उल्लेख किया गया है। पुलिस प्रशासन से टाउनशिप में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने व आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया गया है। टाउनशिप के नागरिकों से अपील की जातीकी गयी है कि अपने आसपास संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में प्रशासन को तुरन्त सूचित करें, जिससे आवश्यक सेवाओं जैसे जल आपूर्ति आदि के सुचारू संचालन में मदद मिल सके।

भिलाई टाउनशिप के सेक्टर 9, सड़क 1 से 4 तक जल आपूर्ति का समय अब दिनांक 23 मार्च से अगली सूचना तक सुबह 7 बजे से 8 बजे तक होगा। सेक्टर 9 के शेष क्षेत्रों में जल आपूर्ति के समय में कोई बदलाव नहीं होगा। यह जानकारी नगर सेवायें विभाग के पी एच ई अनुभाग के माध्यम से दी जा रही है।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव और होली त्योहार को लेकर लगातार वाहन चेकिंग जारी



राजनांदगांव 23 मार्च। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है की आगामी लोकसभा चुनाव होली और रमजान को देखते हुए अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् थाना बागनदी, डोंगरगढ, कोतवाली, ओपी चिचोला, चिखली, सुरगी एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा द्वारा दिनांक 21/03/2024 को आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालो के कुल 155 प्रकरण में 50,600/- रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोंगो को जागरूक भी किया गया।

### डामरीकृत सडकों पर, विद्युत खंभों व तारों के नीचे होली न जलाने आयुक्त अभिषेक गुप्ता की अपील

राजनांदगांव 23 मार्च। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि होलिका दहन के लिये हरे-भरे पेड,पौधों की कटायी नहीं की जानी चाहिये बल्कि इसके लिये सुखी एवं बेकार पड़ी लकड़ी इस्तेमाल करनी चाहिए,जिससे पर्यावरण को संरक्षण प्रदान किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों से होलिका दहन पक्की डामरीकृत सड़को पर तथा विद्युत खंभो एवं तारों के नीचे नहीं करने की अपील की है। उन्होने कहा है कि सड़कों पर होलिका दहन से सड़के खराब होंगी और राशि का अपव्यय होगा। इस लिये खुली जगह में होली का दहन किया जाये। उन्होने विशेष रूप से बच्चों को होली के दिन जहरीले रासायनिक रंगों से बचने की सलाह दी है। रसायनिक रंग के स्थान पर हर्बल कलर का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने होली त्यौहार के दौरान जल का अपव्यय कम से कम करने की भी अपील की है।

### संभागायुक्त ने एमसीएमसी के मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण



राजनांदगांव 23 मार्च । संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्टोरेट के प्रथम तल में स्थित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) के मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने इलेक्ट्रानिक मीडिया इकाई, प्रिंट मीडिया इकाई, सोशल मीडिया इकाई का निरीक्षण किया। संभागायुक्त ने कहा कि निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी गंभीरतापूर्वक करेंगे और ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। उन्होंने मीडिया सेंटर में संधारित पंजी का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, उप संचालक जनसंपर्क एवं सचिव एमसीएमसी डॉ. उषा किरण बड़ाईक, सहायक सूचना अधिकारी श्री प्रवीण रंगारी सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### कहाड़कसा स्कूल में पालकों ने कराया न्योता भोज





मोहला 23 मार्च। शासकीय प्राथमिक शाला कहाड़कसा, संकुल - सिंघाभेड़ी में बच्चों को न्योता भोज कराया गया द्य प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत बच्चों को गर्म पका भोजन खिलाया जाता है द्य इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में अतिरिक्त पोषण के लिए न्योता भोज किसी विशेष अवसर जैसे - जन्मदिवस, विवाह या अन्य समय पर स्वेच्छा से पालक, जन - समुदाय के द्वारा स्कूली बच्चों को भोजन करवाने का अवसर प्रदान किया गया है द्य जिसके तहत आज दिनांक 21/03/2024 को पालको द्वारा खीर, पूड़ी खिलाया गया।सेवानिवृत प्रधान पाठक परस राम पाल के द्वारा बच्चों को केला वितरण किया गया द्य*भोजन प्राप्त कर बच्चे आनंदित हुए द्य भोजन प्रदान करने वाले पालक जीतेन्द्र पाल, राधा चंद्रवंशी, मानकुंवर मण्डावी, चंपा मड़ावी, रेखा बाई यादव, धर्मोतिन बाई , पुष्पा चंद्रवंशी, उपस्थित रहे । इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक पेखराम साहू, श्रीमती हेमलता पटेल और संजय ठाकुर द्वारा सभी पालको को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# निगम आयुक्त लोगों से रूबरू पेयजल सप्लाई की ली जानकारी

## राजस्व करों का भुगतान करने करदाताओं से की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 23 मार्च। प्रतिदिन वार्ड भ्रमण की कडी में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज प्रातः वार्ड नं. 38 व 39 के सागर पारा, ढीमर पारा, बासपाई पारा, ब्राम्हण पारा, आजाद चौक में साफ सफाई एवं चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी लेकर लोगों से रूबरू हो, नल में पानी आने की जानकारी लिये और अपने बकाया करों का भुगतान करने अपील किये। आयुक्त श्री गुप्ता सागर पारा एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर कचरा पृथकीकरण करने, खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के अलावा सतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूल करने सेन्टर प्रभारी को निर्देश दिये। उन्होंने सुलभ शौचालय निरीक्षण के दौरान लचर व्यवस्था पर नराजगी व्यक्त करते हुये संबधित संचालक से कहा कि देख रेख करने वाले को हटाकर दूसरा रखे। उन्होने वार्डो में हाजरी रजिस्टर की जॉच कर सभी कर्मचारियों की फोटो लगाने, अनुपस्थित कर्मचारी पर कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल से कहा। उन्होंने कहा कि नालो की सफाई करावे, कचरा प्रतिदिन उठावे। गौशाला के सामने गली में नाली जाम की शिकायत पर चेम्बर हटाकर सफाई कराने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता सागर पारा, ठेठवार पारा,ब्राम्हण पारा, सोनार पारा में लोगों से रूबरू हो नल में पानी आने की जानकारी लिये, जिन घरों में कम पानी आने की शिकायत प्राप्त हुई, उसका जल्द निराकरण करने निर्देशित किये। उन्होंने करदाताओं के डिमाण्ड की जॉच कर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक से वसूली करने तथा करदाताओं से अपने बकाया करों का भुगतान करने अपील किये। निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान सागर पारा, ढीमर पारा में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण देख संबंधित ठेकेदार का बिल तैयार कर शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नार कन्हैया नाला निर्माण कार्य चुनाव आचार सहिता के बाद तत्काल प्रारंभ कराने प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू व श्री तिलक राज ध्रुव, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा, कनिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी व प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी तथा राजस्व का अमला उपस्थित थे।

# शतप्रतिशत मतदान एवं मतदान के लिये प्रेरित करने अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 23 मार्च। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज नगर निगम सभागृह मे जिलाधीश श्री संजय अग्रवाल के आदेशानुसार एंव निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतप्रतिशत मतदान एवं मतदान के लिये प्रेरित करने निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने शपथ ली। वही एसएलआरएम सेन्टरों में स्वच्छता दीदीया रंगोली के माध्यम से मतदान करने संदेश देकर सतप्रतिशत मतदान करने शपथ ले रहे है।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर आज नगर निगम सभागृह में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने अधिकारियों व कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी कि हम भारत के नागरिक,लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एसएलआरएम सेन्टरों के स्वच्छता दीदीया भी लोकसभा में सतप्रतिशत मतदान के लिये कार्यक्रम आयोजित कर रहे है, इसी कडी में इंदिरा नगर,राजीव नगर, लखोली, 18 एकड़ एवं रेवाडीह एसएलआरएम सेन्टर में स्वच्छता दीदीयों ने मतदान करने रंगोली बनाकर शपथ लिये। उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने एवं अपने परिवार तथा आस पास के लोगों एवं जान पहचान के लोगों को लोकतंत्र के पर्व को मजबूत करने बिना किसी प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग कर मतदान करने अपील की शपथ लिये। नगर निगम में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके के अलावा समाज कल्याण अधिकारी श्री भुपेन्द्र वाडेकर, सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोकतंत्र को मजबूत करने मतदान करने शपथ ली।



# पूर्व सीएम बघेल का कांग्रेसजन व कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धामनसरा में 21 मार्च गुरूवार को पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल अपने पक्ष में जनसमर्थन मांगने पहुंचे इस दौरान श्री बघेल जिला किसान कांग्रेस महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव के विशेष आग्रह पर शिव मंदिर चौक में पुष्पगुच्छ भेंटकर बाजे-गाजे के साथ अपने निवास लाएं जहां पर श्री बघेल का क्षेत्रीय जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव व परिवार जन द्वारा आरती तिलक लगाकर गुलाब फुल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर भागवत दास वैष्णव ने नवनिर्मित घर के बारे पूर्व मुख्यमंत्री बघेल जी को अवगत कराते हुए कहा कि आपने धान की कीमत 25 सौ प्रति क्विंटल किया था जिसकी वजह से मैं आज तीन मंजिला घर बना पाया जिसके लिए आप आदरणीय का कृतज्ञ हु और आभार व्यक्त करता हूं कि आप सच्चे किसान पुत्र हो आप किसानों का दुख-दर्द अच्छे से समझते हो। इस अवसर पर भूपेष बघेल परिवारजन सें भेंट मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा। वहीं कार्यकर्ताओ से कांग्रेस के पक्ष में जनसमर्थन मांगते हुए कहां

कि लोकसभा में अधिक से अधिक वोट कांग्रेस वोट दे ताकि मैं जन-जन की आवाज संसद में उठा सकू और राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ के मुद्दे को प्रमुखता के साथ सदन रख सकूं। स्वागत भाषण रोहित चंद्राकर ने किया। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल जी ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारी सरकार मजदूर किसान महिलाओं युवाओं के लिए योजना चलाया किन्तु भाजपा सरकार आते ही कांग्रेस की सभी योजनाओं को साय साय द्वारा बंद कर दिया। मैं आज इस धामनसरा की भूमि से केन्द्र की मोदी सरकार को आगाह करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार किसान विरोधी नीति चला रही है। एमएसपी सहित किसानों की मुद्दों पर बात नहीं करना चाहती, आज देश में महंगाई सर चढ़कर बोल रही है किन्तु मोदी जी को इससे कोई मतलब नहीं है। वहीं पिछले पांच सालों से सांसद संतोष पांडे जी पूरी तरह निष्क्रिय रहे। मैं अपने कर्ताकताओं व ग्रामवासियों से कांग्रेस के पक्ष में जनसमर्थन मांगने आया हूं ताकि इस क्षेत्र के विकास व राजनांदगांव की समस्या को दिल्ली में रख सकूं। आभार प्रदर्शन योगेन्द्र दास वैष्णव ने किया। इस अवसर पर धरती के श्रृंगार लोककला मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से राजनांदगांव विधानसभा के छाया विधायक गिरीश देवांगन, विनोद वर्मा सलाहकार, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, जिला पंचायत सदस्य अंगेशवर देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंदाकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष गोवर्धन देशमुख, तुकज साहू, चंद्रेश वर्मा, दिलीप वर्मा, डोमार साहू ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम देवांगन, महेशवर साहू, सरपंच लोकेश गंगवीर, कृत लाल पटेल, चुम्मन निषाद, रानीतराई सरपंच राजेन्द्र साहू, केशव हिरवानी, दिलीप चंदाकर, चैन साहु, देबू यादव, चैन साहू, हेमंत साहू, धन्ना साहू, धर्मेन्द्र साहू, विक्रम साहु, रूमलाल साहू, लिखन देवांगन, छोटु साहू, गुमान ढीमर, महेश दिवाकर, तेजेन्द्र वैष्णव, डामन वैष्णव, प्रभा दास वैष्णव सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### होली त्यौहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

राजानांदगांव 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, के नेतृत्व में राजनंदगांव पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। वही बेसिक पुलिसिंग अन्तर्गत शांति व्यवस्था हेतु लगातार ऐतिहातन कार्यवाही कर अपराध नियंत्रण की कार्यवाही एवं शाति व्यवस्था स्थापित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू के द्वारा आगामी 25 मार्च को होली त्यौहार के मद्देनजर निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र पूर्ण होली के उद्देश्य से आज थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं पार्षदगन का थाना परिसर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिससे होली त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने संबंधी आवश्यक विचार विमर्श कर विगत वर्ष होने वाले परेशानियां के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया व सभी से शांतिपूर्वक होली त्योहार मनाने संबंधी थाना प्रभारी द्वारा आग्रह किया गया।

## समाचार संक्षेप

### सत्ता का दुरुपयोग कर भाजपा कर रही आचार संहिता का उल्लंघनः कांग्रेस



राजनांदगांव 23 मार्च। लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में अपनी हार की सुनिश्चितता को देखते हुए भाजपाई छ ग में अपनी सत्ता का दुरुपयोग करते हुए आचार संहिता का खुला उल्लंघन किए है जिसकी शिकायत प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं राजनांदगांव लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे, भर्रेगाँव के पूर्व सरपंच दिलीप चंद्राकर एवं राजकुमार ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष की है। प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा की 10 वर्षीय केंद्र की भाजपा सरकार के अदूरदर्शी निर्णय के कारण देश में महंगाई, बेरोजगारी बेलगाम है उसी क्रम में छत्तीसगढ़ की 3 माह की भाजपा सरकार मोदी की गारंटी के नाम पर किसान, महतारियो, युवाओं शासकीय कर्मचारियों सहित जनता को छलने का जो काम किया है जिससे हार सुनिश्चित है राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के चुनाव मैदान में आने से भाजपा राजनांदगांव लोकसभा चुनाव के मैदान से बाहर हो गई है इसकी बौखलाहट में भर्रेगांव सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित शासकीय राशन दुकान क्रमांक 75 में प्रधानमंत्री मोदी के फोटो युक्त थैलों का बंडल ले जाकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के नाम से थैलो में चावल देने का खुला खेल रहे थे जिसकी वीडियो क्लिपिंग के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष सत्ता के दुरुपयोग एवं शासकीय राशन दुकान में इस प्रकार से किया जाने वाला कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में भी आता है क्योंकि भर्रेगांव में भाजपा समर्थित सरपंच होने के कारण यह कार्य पूरी तरह से सत्ता का दुरुपयोग प्रमाणित है अतः इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरे संसदीय क्षेत्र के राशन दुकानों में इस प्रकार की कृत्य ना हो यह सुनिश्चित करते हुए आचार संहिता के खुला उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही करने के लिए मांग की गई है।

### घुमका पुलिस ने की असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई

राजनांदगांव 23 मार्च। जिले मे आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर अपराधों की रोकथाम एवं गुंडे बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा जिले मे लगातार कार्यवाही की जा रही है उसी क्रम मे थाना घूमका पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा , अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घूमका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवादा क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं संज्ञेय अपराध रोकने के उद्देश्य से अनावेदक ढाल सिंह साहू निवासी देवादा को आज दिनांक 22.03.24 को धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तार किया गया एवं क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनावेदक को प्रतिबंधित करने हेतु पृथक से धारा 107,116(3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रतिबंधित कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट घुमका के समक्ष पेश किया गया है।




### 5000 से अधिक प्रतिभागियों ने मेंहदी लगाकर दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश



राजनांदगांव 23 मार्च। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत युद्ध स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में छुरिया विकासखंड में स्वीप मेंहदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग व स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों, बिहान की महिलाओं एवं अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न प्रकार के मेंहदी की आकृतियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में हम सब का यह नारा है मतदान करने जाना है, मतदान मेरा अधिकार है, छोड़ो अपना सारे काम पहले करों मतदान, आओ मतदान करें, मतदान मेरा अधिकार है जैसे संदेश मेंहदी के माध्यम से दिए।

# कार्यकर्ता सम्मेलन में विष्णुदेव साय ने भूपेश बघेल के खिलाफ भरी हुंकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 23 मार्च। आज राजनांदगांव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता का सम्मेलन हुआ जिसमें आज प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने भूपेश बघेल के खिलाफ हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार पर तीखे हमले करते हुए कहा कि 5 वर्षों के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की जनता ने देखा और समझा की किस तरह से कांग्रेस की भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ को लूट रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि भूपेश सरकार 2000 करोड़ के शराब घोटाले एवं कोयला परिवहन घोटाला प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना में हजार करोड़ का घोटाला, गोबर घोटाला, रेट घोटाला, आवास घोटाला, राजस्व घोटाला ऐसे कई घोटाले हैं जिनके माध्यम से भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की महतारी को चारों तरफ से लूट। यहां की जनता समझदार है। जब रमन सिंह का शासन था, यहां के विधायक थे उन्होंने राजनांदगांव को 15 वर्ष से विकास के मामले में चमन बना दिया था। उन्होंने कहा कि हमारे सरकार के कार्यकाल में होगा जवाब राजनांदगांव की जनता आने वाली 26 जनवरी को अवश्य देगी। विधानसभा चुनाव में जितनी भी घोषणाएं मोदी गारंटी के साथ की गई थी जिसमें महतारी वंदना योजना किसानों के अंतर की राशि किसानों को 2 वर्ष का बोनस, तेंदूपत्ता बोनस, एवं 18 लाख गरीब परिवार को पक्का आवाज बनाने का वादा किया था। सभी घोषणाओं को हमने अपने कार्यकाल में मात्र 100 दिन में पूरा किया। मैं विश्वास दिलाता हूं कि मोदी गारंटी के तहत की गई सभी घोषणाएं मेरे कार्यकाल में ही पूरी होगी। मोदी जी का कंधा मजबूत करने के लिए 400 पार करना है। आज के कार्यकर्ता सम्मेलन में महिलाओं की उपस्थिति रही सभी महिलाओं ने जोश खरगोश के साथ मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। दोनों हाथ उठाकर अभिनंदन किया महतारी वंदना योजना, उज्ज्वला योजना ,प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सभी ने धन्यवाद दिया। मीडिया से दी गई जानकारी के अनुसार आज के कार्यकर्ता सम्मेलन में स्वागत प्रतिवेदन प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने पड़ा उसके बाद फिल्मों के हीरो एवं धरसीवा के विधायक अनुज शर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा में गीत गाकर समां बांध। उन्होंने संतोष पांडे जी को भारी मतों से विजई बनाने का आवान किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे ने कहा कि भूपेश सरकार ने राजनांदगांव के कई संभागीय कार्यालय को स्थानांतरित कर दिया और 5 वर्ष तक राजनांदगांव का शोषण करते रहे। इसलिए ऐसे नेता को राजनांदगांव क्षेत्र से इनको भगाना है। कमल फूल को वोट देकर मोदी जी के सपनों को साकार कर सके।

## पोलिंग बूथों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

# आयुक्त ने ली तकनीकी अधिकारियों की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 23 मार्च। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज अपने कक्ष में तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर शहर में चल रहे निर्माण कार्यो एवं योजना के कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने एवं लोकसभा निर्वाचन के लिये पोलिंग बूथों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की वार्डवार जानकारी लेकर समस्त निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चुकि लोकसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लागू हो चुकी है, इसलिये किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारंभ न किया जावे तथा लोकसभा निर्वाचन के लिये सभी पोलिंग बूथों में आवश्यक मरम्मत के अलावा रैम्प, शौचालय, बिजली, पानी आदि व्यवस्था की जॉच कर उपरोक्त् व्यवस्था दुरूस्त करे। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओं व उप अभियंताओं से कहा कि विधायक, सांसद निधि व अन्य योजनांतर्गत चल रहे कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करे तथा पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो की शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे, जिन कार्यो की उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेज पाये है उसे तत्काल भेजना सुनिश्चित करे। शासन द्वारा नया फार्मेट जारी किया गया है, जिसके आधार पर जानकारी भेजे। इसके अलावा उन्होंने शहर में चल रहे निर्माण कार्य के प्रगति की वार्डवार जानकारी लेकर कहा कि निर्माण कार्यो में तेजी लावे तथा कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी फस्ट हाफ फिल्ड में रहकर सभी कार्य की मानिटरिंग करेंगे तथा मेट को दिनभर रहकर कार्य की जानकारी लेने निर्देशित करेंगे। ठीक से कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करें तथा प्रतिदिन के कार्यो की ग्रुप में फोटो शेयर करे। उन्होने कहा कि कार्य की प्रगति से अवगत करायेगे और पीडब्लूडी गाईड लाईन के आधार पर स्तरबद्ध कार्य करेंगे तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें, जिससे आगे के कार्य कराने राशि जारी हो सके।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे कार्यो में प्रगति लावे एवं जिन ठेकेदारों के द्वारा अधुरा कार्य किया गया है,उन्हे नोटिस जारी कर कार्य पूर्ण करावे। उन्होंने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके एवं प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव से कहा कि सभी सहायक अभियंता एवं उप अभियंताओं से कार्य की प्रगति की नियमित रूप से जानकारी लेवे,उसके आधार पर स्थल निरीक्षण करे और कार्य में प्रगति लावे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखेंगे। निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी।

संपादकीय

## देश के कमाल के नेता हैं केजरीवाल

हर देश में नेता तो बहुत होते हैं लेकिन कमाल के नेता कम ही होते हैं। हमारे देश में भी नेता तो हजारों में है, लेकिम कमाल क नेता तो केजरीवाल है। वह अपने अच्छे बुरे तमाम कामों के कारण कमाल के नेता है, वह जनता के लिए जितने अच्छे काम करते हैं, अपनी पार्टी के लिए उससे भी अच्छे काम करते हैं. वह जनता की सेवा करने में जितने माहिर है, उससे ज्यादा माहिर वह अपन पार्टी की सेवा करने में है। वह जनता को करोड़ो रुपए बांटते हैं तो अपनी पार्टी के लिए भी करोंडों रुपए जुटा लेते हैं। बाकी पार्टियां पार्टी के लिए फंड जुटाने के मामले में स्कूल हैं तो केजरीवाल विश्वविद्यालय हैं। वह इतने साहसी हैं कि खुद को भगतसिंह का चेला कहते हैं। वह इतने साहसी हैं कि अनपढ़ राजा की कहानी विधानसभा के भीतर सुनातें हैं। वह इतने साहसी हैं कि ईडी के समन भेजने पर नहीं जाते हैं, एक दो बार नहीं आठ बार नहीं जाते हैं। वह इतने साहसी हैं कि खुद ही जज बन जाते हैं, ईडी के समन को गलत बता देते हैं। वह इतने साहसी हैं कि ईडी की गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट जाते हैं और हाईकोर्ट उनको गिरफ्तारी से बचाने के लिए मना कर देता है। और आखिर में इडी वह काम करने में सफल हो जाती है जो वह महीनों से कर हीं पा रही थी, केजरीवाल की गिरफ्तारी। केजरीवाल सोच रहे थे कि वह ईडी से ज्यादा होशियार हैं, उनकी होशयारी के कारण ईडी उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पा रही है, ईडी उनसे डर रही है। हकीकत में केजरीवाल ईडी के बिछाए जाल में फंसे और फंसते ही चले गए। जैसे कोई कीडा मकड़ी के जाल में जब एक बार फंस जाता है और निकलने के लिए जितना छटछटपटाता है, वह उनता ही फंसता जाता है। यही हाल केजरीवाल का हुआ है। केजरीवाल की होशियारी के कारण ही आज ईडी को केजरीवाल को उस वक्त गिरफ्तार करने का मौका मिला है जिस वक्त केजरीवाल गिरफ्तार नहीं होना चाहते थे, जिस वक्त उनकी पार्टी को उनकी ज्यादा जरूरत थी। वह माहौल बना रहे थे कि ईडी उनका इसलिए गिरफ्तर करना चाहती है कि वह चुनाव प्रचार न कर सकें। उनकी बात सच साबित हुई है क्योंकि ईडी ने उनको ऐसे वक्त गिरफ्तार किया है जब पार्टी को उनकी ज्यादा जरूरत थी,अगर केजरीवाल ने ज्यादा होशियारी नहीं दिखाई होती और पहले ही समन पर पूछताछ के लिए चले गए होते तो आज वह गिरफ्तार किए जाने के बाद भी बाहर होते। वह जानते हैं कि अपनी पार्टी के वही सबसे बड़े प्रचारक हैं, उनके करीबी तीन नेता तो पहले से ही जेल में है। केजरीवाल का आइडिया आफ भ्रष्टाचार ऐसा था कि उनके पास कोई विभाग नहीं था,वह किसी फाइल पर दस्तखत नहीं करते थे, उनके मंत्री भले सब जेल चले जाते लेकिन केजरीवाल बाहर रहते। लेकिन कहा जाता है कि अपराधी कितना भी होशियार हो वह पुलिस, ईजी, आटी से होशियार नहीं हो सकता। अपराधी सोचना है कि उसने तो अपराध का कोई सबूत नहीं छोड़ा है लेकिन पुलिस और ईडी सबूत ढूंढ ही लेती है। इसमें वक्त जरूर लगता है लेकिन सबूत मिल ही जाते हैं, ईडी को केजरीवाल के खिलाफ सबूत मिल गए हैं तब ही तो उसने केजरीवाल को गिरफ्तार करने की हिम्मत दिखाई है। केजरीवाल को हाईकोर्ट में बचाने की कोशिश फेल होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में बचाने के विष्य में सोचा गया, अर्जी दी गई लेकिन अर्जी वापस ले लिए जाने से साफ है कि अभी केजरीवाल ईडी की कस्टडी में ही रहेंगे। आने वाले दिनों में वह भी सिसोदिया व संजय सिंह की तरह ईडी पर परेशान करने का आरोप लगाएंगे। इससे वह ईडी के कब्जे से मुक्त नहीं हो सकते। केजरीवाल खुद को अपने नेताओं को कट्टर ईमानदार बताते रहे हैं लेकिन अपने व अपने नेताओं के कट्टर ईमानदार होने का कोई प्रमाम तो अब तक नहीं दे पाए हैं। केजरीवाल खुद को भले ही कट्टर ईमानदार कहें लेकिन देश की जनता तो उन्हें ईमानदार मानने से रही। क्योंकि उन्होंन ईमानदारी का एक भी सबूत पेश नहं किया है। ईडी ने तो उनको आठ बार सबूत पेश करने का मौका दिया। सबूत केजरीवाल पेश नहीं कर सके, ईडी ने कोर्ट को दिखा दिए तो कोर्ट ने ईडी को गिरफ्तार करने की छूट दे दी। ऐसे में ईडी केजरीवाल को गिरफ्तार करने से कैसे छोड़ सकती थी। हाईकोर्ट के फैसले के कुछ ही घंटो के बाद ईडी ने केजरवाले से पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।यह ईडी की बड़ी सफलता है और केजरीवाल की बड़ी असफलता। अब जो भी केजरीवाल के साथ खड़ा होगा वह सवालों के घेरे में होगा।

रिपोर्ट

# खुशहाल समाजों की रैंकिंग से भारत भ्रमित न हो

ललित गर्ग



143 देशों के विश्व खुशहाली रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर रहा है जिसमें फिनलैंड ने लगातार छठीं बार सर्वोच्च स्थान पाया है। यह बात भी गौर करने की है कि भारत में दस अंकों का सुधार हुआ है, फिर भी भारत के लिये आश्चर्यकारी एवं विचारणीय है। फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश करार दिया गया है, पर गौर कीजिए, वहां आबादी सिर्फ 56 लाख है। मतलब, इस देश की चुनौतियां बहुत कम हैं। धार्मिक वातावरण ऐसा है कि विद्वेष की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। छोटा राष्ट्र होने की वजह से सरकारों के सामने समस्याएं कम है। अतः फिनलैंड की स्थिति अच्छी है, पर उसकी तुलना भारत जैसे 140 करोड़ आबादी वाले देश से कैसे हो सकती है? यह बहस का विषय है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित इस वार्षिक रिपोर्ट में नॉर्डिक देशों ने 10 सबसे खुशहाल देशों में अपना स्थान बनाए रखा है। फिनलैंड के बाद डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन ने शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। इन सभी देशों में समाज समस्यामुक्त एवं काफी सुलझा हुआ है और विविधता वहां ज्यादा समस्याएं पैदा नहीं करती है। देखने की बात है कि खुशहाली की रिपोर्ट विगत एक दशक से भी ज्यादा समय से जारी हो रही है और पहली बार अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित देशों को शीर्ष 20 देशों में स्थान नहीं मिला है।

पाकिस्तान पिछली बार 108वें स्थान पर था, इस बार 122वें पर आ गया है, पर तब भी भारत से चार पायदान ऊपर है। जिस देश में खूब महंगाई है, जहां की जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है, जहां धार्मिक उन्माद व्यापक है, जो आतंकवाद को प्रोत्साहन देता है, वह देश भी अगर हमसे खुशहाल है, तो ऐसी खुशहाली मापने के तरीकों पर विचार होना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि खुशहाली को तय करने के पैमानों में अवश्य ही कोई पूर्वाग्रह या आग्रह है। क्योंकि ऋण की गुहार लगाता एवं त्राहिमाम करता पाकिस्तान को 122वें स्थान की रैंकिंग देना विडंबनापूर्ण एवं विसंगतिमय हैं, जो इस सूचकांक के महत्व को घटा देती हैं। जो दुनिया के खुश देशों के आकलन में त्रुटि की पूरी संभावनाएं होने को दर्शाता है। अनेक सवाल खड़े करती है यह खुशहाल देशों की रैंकिंग। यह विडंबना ही है कि धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। ऐसी अतार्किक सूची देखकर अफसोस एवं आश्चर्य भी होता है और चिंता भी होती है। क्या खुशहाली को धार्मिक और सामाजिक स्वतंत्रता के आधार पर ज्यादा नहीं देखा जाना चाहिए? खुशहाली को केवल आर्थिक समृद्धि और संसाधनों की अधिकता में घटाकर देखना सही नहीं है। खुशहाली की रैंकिंग को देखकर भारत को कतई भ्रमित नहीं होना चाहिए।

एक और विडंबना देखिए, निर्मम युद्ध लड़ रहा इजरायल पांचवां सबसे खुशहाल देश है! पीड़ित फलस्तीन 103वें स्थान पर है, तो रूस 72वें स्थान पर और यूक्रेन 105वें स्थान पर। ये देश युद्ध के बावजूद भारत से ज्यादा खुशहाल हैं। पता नहीं, इस रैंकिंग पर कितना भरोसा किया जाए? जहां तक भारत का सवाल है, खुशहाली के सभी पैमानों पर हमें अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। एक बड़ा सवाल यह भी है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं? यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। भारत सरकार इस रिपोर्ट को कितनी गंभीरता से लेती है, यह देखने वाली बात है। भारत में खुशहाली को बढ़ावा देने में यहां की जनसंख्या सबसे बड़ी बाधा है। भारत के अल्पसंख्यक समुदायों की कट्टरता एवं संकीर्णता भी



खुशहाल समाज निर्माण की बड़ी बाधा है। भारत जैसे विशाल और असमान विकास वाले देश के लिए 126वां स्थान कितना मायने रखता है? भारत में कई तरह का भारत है, एक अमीर व खुशहाल भारत है, तो उसमें एक गरीब भारत भी है। गरीब भारत भी विकास कर रहा है, लेकिन आबादी इतनी ज्यादा है कि अभी देश को समग्रता में खुशहाल देशों में अव्वल स्थान बनाने में वक्त लगेगा। सबसे खुशहाल देश फिनलैंड की आबादी महज 56 लाख है, उसके लिए विकास आसान है। भारत के मुम्बई, दिल्ली, कोलकता शहर में इसमें कहीं ज्यादा लोग रहते हैं। वैसे भी खुशी महसूस करना व्यक्ति के खुद की सोच पर निर्भर करता है। इसलिये प्रश्न है कि हमारी खुशी का पैमाना क्या हो? अधिकतर लोग छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होने को ही खुशी मान लेते हैं। इससे उन्हें उस पल तो संतुष्टि मिल जाती है, उनका मन खिल जाता है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकती, स्थायी नहीं होती। इच्छा पूरी होने के साथ ही उनकी खुशी भी कमजोर होने लगती है।

खुशी एवं प्रसन्नता हम सबकी जरूरत है, लेकिन प्रश्न है कि क्या हमारी यह जरूरत पूरी हो पा रही है, ताजा आकलन से तो यही सिद्ध हो रहा है कि हम खुशी एवं प्रसन्नता के मामले में लगातार पिछड़ रहे हैं। विडम्बनापूर्ण स्थिति तो यह है कि हमारा भारतीय समाज एवं यहां के लोग अपने ज्यादातर पड़ोसी समाजों से कम खुश है। खुशहाली की रिसर्च में खुशहाली को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं से मापा जाता है। लेकिन खुशियां का दायरा इतना छोटा तो नहीं होता। विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, तभी वह खुशहाल हो सकेगा। डिजिलीकरण, आर्थिक नवाचार जैसी घटनाओं ने आम आदमी को अधिक परेशानी एवं समस्याएं दी है। समस्याओं के घनघोर अंधेरों के बीच उनका चेहरा बुझा-बुझा है। न कुछ उनमें जोश है न होश। अपने ही विचारों में खोए-खोए, निष्क्रिय और खाली-खाली से, निराश और नकारात्मक तथा ऊर्जा विहीन। हाँ सचमुच ऐसे लोग पूरी नींद लेने के बावजूद सुबह उठने पर खुद को थका महसूस करते हैं, कार्य के प्रति उनमें उत्साह नहीं होता। ऊर्जा का स्तर उनमें गिरावट पर होता है। क्यों होता है ऐसा? कभी महसूस किया आपने? यह स्थितियां एक असंतुलित एवं अराजक समाज व्यवस्था की निष्पत्ति है। ऐसे माहौल में व्यक्ति एवं समाज खुशहाल नहीं हो सकता।

खुशहाली सूचकांक के लिए अर्थशास्त्रियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम व्यापक स्तर पर शोध करती है, यह टीम समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, भरोसा, सामाजिक सहयोग, परोपकार, दान भावना, स्वतंत्रता और उदारता आदि को आधार बनाती है। रिपोर्ट का मकसद विभिन्न देशों के शासकों को आईना दिखाना है कि उनकी नीतियां लोगों की जिंदगी खुशहाल बनाने में कोई भूमिका निभा रही हैं या नहीं? हमारा शीर्ष नेतृत्व आजादी के बाद से ही निरन्तर आदर्शवाद और अच्छाई का झूठ रचते हुए सच्चे आदर्शवाद के प्रकट होने की असंभव कामना करता रहा है, इसी से जीवन की समस्याएं सघन होती गयी है, नकारात्मकता के इस व्यूह को तोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुशी एवं प्रसन्न जीवन के लक्ष्य को आकार दिया है, उन्होंने गहन अंधेरों से देश की जनता को बाहर निकालते हुए विगत एक दशक में अपने कामकाज एवं नीतियों से एक आशावाद उकेरा है। भारत में युवा सबसे अधिक खुश हैं, जबकि निम्न मध्यमवर्गीय लोग सबसे कम खुश हैं। भारत में अधिक उम्र उच्च जीवन संतुष्टि से जुड़ी है और यह उन दावों के विपरीत है कि उम्र और जीवन संतुष्टि के बीच सकारात्मक संबंध केवल उच्च आय वाले देशों में मौजूद है। भारतीयों के बीच संतोष के भाव, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, सामाजिक सहयोग, जीवन प्रत्याशा, स्वतंत्रता, उदारता के भाव में विस्तार जारी रहना चाहिए। भारत का वर्तमान खुशहाली वाला समाज बनने को तत्पर है, भले ही दुनिया की कुछ खुशहाली रैंकिंग तय करने वाली एजेंसियां इससे असहमत हो।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। पारिवारिक मसलों को सुलझाने के लिए आज का दिन बहुत शुभ है। पारिवारिक माहौल शांतिपूर्ण रहेगा। अविवाहित जातकों के लिए विवाह के योग बन रहे हैं। आपकी व्यवसायिक इच्छाएं पूरी होंगी। आप मनपसंद व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। इस दौरान आपको अपने खर्चे पर नजर रखने की जरूरत है। आप अपने काम पर फोकस रखते हुए अपने खान-पान पर भी ध्यान देंगे। लवमेट के साथ आप की आपसी समझ बेहतर होगी।

वृष राशिः आपके लिए आज का दिन फेवरेबल है। आप अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलेंगे। अपनी जीवन शैली में बदलाव करेंगे। कठिन समय में सही निर्णय लेने की कोशिश करेंगे। प्रोफेशनल लाइफ में लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज आई चुनौतियों से अपनी सूझबूझ और समझदारी से निपटने का प्रयास करेंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ डिनर पर जाएंगे।

मिथुन राशिः आज दिन आपके लिए आशा जनक रहेगा। विशेषकर आपके निजी जीवन में आप समृद्ध रहेंगे। आपका दांपत्य जीवन सकारात्मक रहेगा। बात-चीत के दौरान कुछ भी कहने से पहले शब्दों पर ध्यान दें। इस राशि के जातकों को उनके व्यवसाय में काफी लाभ मिलेगा लेकिन कोई व्यावसायिक निर्णय लेते समय सतर्क रहें। साझेदारी में व्यापार करने से बचें। आज परिवार में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

कर्क राशिः आज आपको कुछ अच्छे अवसर मिलेंगे। आप कार्यक्षेत्र में नई योजनाएं बनाएंगे, उसके अनुसार काम करेंगें। आज कुछ लोग आपके लिए समस्याएं खड़ी करने का प्रयास करेंगे। आप उस पर ध्यान देने के बजाय अपने काम पर फोकस करेंगे। जो लोग बहुत दिनों से नौकरी की तलाश कर रहे हैं, उनके लिए आज का दिन अच्छा है, कोई अच्छी खबर मिलेगी। आप अगर अपने परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो अभी कुछ दिन रुक कर बनायें।

सिंह राशिः आपका दिन आज अच्छा बीतेगा। व्यवसाय के विस्तार में सफलता मिलेगी। रोजगार या व्यवसाय संबंधित कोई अतिरिक्त योजना बना रहे हैं, तो उसमें आपको सभी का सहयोग मिलने के योग हैं। धन लाभ के स्त्रोत मिलेंगे। आज बच्चों के किसी प्रोजेक्ट पर काफी पैसे खर्च करेंगे। यह खर्चा आपको अच्छा लगेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें भोजन में पौष्टिक चीजें शामिल करें।

कन्या राशिः आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला रहेगा। आप व्यवसाय में अपना करियर बनाना चाह रहे हैं तो आपके लिए समय अच्छा है। जो जातक साझेदारी में व्यवसाय करते हैं उन्हें आज अचानक धन लाभ के योग बने हुए हैं। आपकी मेहनत से आय में वृद्धि होगी। आज बेवजह के विवादों से बचने की कोशिश करें। पहले किए गए किसी निवेश से आपको अच्छा रिटर्न मिलेगा। आपको परिवार का सहयोग मिलेगा।

तुला राशिः आपके लिए आज का दिन उम्मीदों से भरा रहेगा। आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। आपकी पदोन्नति या नई नौकरी मिलने के योग हैं। आपके जीवन में खुशहाली बनी रहेगी। आप किसी बड़ी कम्पनी में निवेश करने का मन बनायेंगे। आज आपको आलस्य से बचना चाहिए नहीं तो आपके कार्यों को पूरा होने में देरी हो सकती है। ड्राईफ्रूट्स का कारोबार कर रहे लोगों की इनकम में वृद्धि होगी, दिन लाभदायक गुजरेगा।

वृश्चिक राशिः आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप आज आशावादी बने रहेंगे। आज सोशल मीडिया पर आपके किसी पोस्ट को ज्यादा पसंद किया जायेगा। आज दूसरों के साथ बातचीत करने के कौशल में भी सुधार होगा। आप किसी सही जगह निवेश करेंगे, तो आपको अच्छा लाभ मिलेगा। जो नौकरी पाने के इच्छुक हैं उन्हें सफलता मिलेगी। तकनीकी से जुड़े हुए लोगों को नये अवसर मिलेंगे।

धनु राशिः आज आपका दिन खास रहेगा। आज आप कुछ नया सिखने का प्रयास करेंगे। आज बड़ों की सलाह कार्य क्षेत्र में आपका मार्ग दर्शन करेगी। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। जो लोग सिंगल है, उन्हें मनपसंद जीवनसाथी मिलेगा। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। आज आप अपने कार्यों को पूरा करने में मन लगायेंगे। आपको लग्जरी चीजों का लाभ उठाने का भरपूर मौका मिलेगा।

मकर राशिः आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप जीवनसाथी के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बनाएंगे। यह आपके रिश्ते को संजोए रखने के लिए आवश्यक कदम होगा। पारिवारिक जीवन खुशहाल रखने के लिए कम्युनिकेशन गैप न होनें दें। सबसे बातचीत अवश्य करें। व्यापार में मनचाहा लाभ मिलाने से आपके चेहरे पर प्रसन्नता दिखेगी। आज आप की आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप अपने सेहत का ख्याल रखें समय पर रुटीन चेकअप कराते रहें। कार्यक्षेत्र में आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

कुंभ राशिः आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आप अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करेंगे। आज आपको जीवन बदलाव सम्बन्धी कुछ नए अवसर मिलेंगे। आज व्यापार में चल रही समस्याओं का समाधान निकालने में सफल होंगे। आज आप किसी बड़े प्रोडक्ट की फ्रेंचाइजी लेने का मन बना सकते हैं। आज आपकी बनायीं गई योजनाएं सफल होंगी। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। एक दूसरे के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आज आपका पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

मीन राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नई रणनीति बनाएंगे। इससे आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके किसी प्रोजेक्ट की प्रशंसा भी होगी। आज ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोगों की अच्छी इनकम होगी। आज परिवार से किसी कार्य को करने में उनकी हर संभव मदद मिलेगी। उनके लिए दिन शुभ है। कोई अच्छी खबर मिलेगी। व्यावसायिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कहीं की यात्रा लाभकारी सिद्ध होगी। इस दौरान आपको अतिरिक्त खर्चों से बचना चाहिए।

चिंतन

# आम चुनाव-2024 : सरोकारी माहौल जरूरी

प्रो. आनंद कुमार

भारतीय जनतंत्र में राजनीतिक दलों, मीडिया और मतदाताओं के लिए आम चुनाव एक महत्वपूर्ण संदर्भ होता है। पिछले दिनों चुनाव के बारे में राजनीतिक दलों और नागरिक समाज का दृष्टिकोण अलग-अलग हो गया है। एक तरफ दल चुनाव को सत्ता की सीढ़ी मानकर इसे जीतने के लिए हर तरह के प्रयास कर रहे हैं, दूसरी तरफ नागरिक समाज में चुनाव में बढ़ रही समस्याओं को लेकर खास तरह का अविश्वास भाव बन रहा है। नागरिक समाज का आग्रह है कि चुनाव व्यवस्था में सुधार किए जाएं और सुधारों की एक लंबी सूची बनती जा रही है। सबसे बड़ा दोष धन शक्ति का बढ़ता प्रभाव था। आधी शताब्दी पहले लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने इसे संबोधित किया था। आज पीछे मुड़कर देखने पर लगता है कि मोरारजी देसाई की सरकार द्वारा जयप्रकाश नारायण के सुझावों की अनदेखी से एक बड़ी बीमारी की शुरुआत हो गई।

इस समय हर तरफ आम सहमति है कि हमारी चुनाव व्यवस्था के तीन बहुत बड़े दोष हैं। पहला, लोक शक्ति को धन शक्ति ने पराजित कर दिया है, दूसरा, मतदाताओं को सेवा और संगठन के जरिए प्रभावित करने की बजाय सभी दल मीडिया के माध्यम से प्रभावित करने का सहारा लेने लगे हैं, और तीसरा, कई जगहों पर चुनावों के मौके पर असामाजिक तत्वों की भूमिका उल्लेखनीय हो जाती है। कुछ दल तो असामाजिक तत्वों को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाने में बड़ी शान समझने लगे हैं। सबका विवरण एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स जैसे निर्दलीय नागरिक मंचों द्वारा बराबर सामने आने से अजीब किस्म का असमंजस पैदा हो गया, वोट देने जाएं या न जाएं! क्या हमारा वोट एक उचित प्रतिनिधि का चयन करने में समाज की मदद करेगा! क्याचुने गए लोग जनप्रतिनिधि हैं, या धन शक्ति के प्रतीक हैं! ऐसी और भी कई बातें हर चुनाव के बाद सामने आने लगी हैं। इसीलिए इस बार के आम चुनाव में नागरिक समाज की भूमिका के बारे में सावधानी की जरूरत है। हमें अच्छी तरह से याद है कि इमरजेंसी के दौर में चुनाव को एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया गया था तो सारा देश खुली जेल जैसा होने लगा था। किसी की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। गैर-संवैधानिक शक्ति केंद्रों ने सिर उठा लिए थे। प्रधानमंत्री सचिवालय से लेकर थाने के स्तर तक हर तरफ गैर-संवैधानिक ताकतों का बोलबाला हो गया। उस समय यानी 1976 में पूरे देश से एक ही मांग आ रही थी कि चुनाव समय पर और ठीक से कराए जाएं। चुनाव का महत्त्व निर्विवाद है। तमाम दोषों के बावजूद अभी भारतीय जनतंत्र के पास सत्ता के संचालन के लिए, देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए चुनाव के अलावा कोई विकल्प नहीं है। प्रशासन के संचालन के लिए हमने उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने वाली परीक्षाओं का इंतजाम किया है। उसमें लाखों विद्यार्थी बनते हैं, और कुछ सौ चुने जाते हैं। जिनको पुलिस, प्रशासन, विदेश नीति आदि की जिम्मेदारी दी जाती है। विधानमंडल को चलाने के लिए, संसद का संचालन करने के लिए हमारे जनप्रतिनिधि कैसे चुने जाएं, इस प्रक्रिया को चुनाव के माध्यम से पूरा करना लगातार कठिन होता जा रहा है। लगता है कि पूरी गंगा मैली हो गई है।

इसलिए लोकतंत्र को बचाए रखने के अब दो ही रास्ते बचे हैं-या तो हम चुनाव के दिन अपने-अपने घरों में बैठ जाएं। मानकर चलें कि चुनाव से कुछ नहीं होगा। दूसरा उपाय है कि चुनाव के हर मोड़ पर यानी चुनाव की घोषणा, घोषणा-पत्रों की तैयारी, प्रतिनिधियों का चयन और प्रचार का तंत्र; हर स्तर पर सक्रिय निगरानी करें, सक्रिय भागीदारी करें और सक्रिय योगदान करें। बहुत पहले राहुल सांकृत्यायन ने कहा, 'भागो नहीं, दुनिया को बदलो।' आज लोकतंत्र जिस नाजुक मोड़ पर खड़ा है, उसमें भागने से तो सुधार नहीं होना। बदलने से शायद सुधार हो। वैसे भी, लोकतंत्र की लोकप्रियता सारी दुनिया में घट रही है। दुनिया में जिन देशों का नाम लोकतंत्र के निर्माताओं के रूप में लिया जाता है, वहां चुनाव के जरिए अलोकतांत्रिक जमातें और ताकतें सत्ता में आ रही हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप से रूस में ब्लादीमिर पुतिन तक के नाम लिए जा सकते हैं। इसलिए 2024 का लोक सभा चुनाव अगले पांच साल की दिशा तय करेगा। नागरिक समाज का क्या अर्थ है! असल में ये वे लोग हैं, जो सरोकारी नागरिक हैं। संविधान प्रदत्त नागरिक कर्त्तव्य सूची को सम्मान देते हैं और चुनाव के अलग समाज की समस्याओं को सुलझाने में सार्थक और रचनात्मक योगदान करते हैं। समाज के वास्ताविक मुद्दे अब दलों की दिलचस्पी के मुद्दे नहीं रह गए। इसका मतलब यह नहीं है कि समाज को इन मुद्दों पर हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। उसी जरूरत को पूरा करने वाले संगठन अपने छोटे समूहों के माध्यम से इन सवालों को सुलझाने में लगे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र का महत्त्वपूर्ण पक्ष है। आम समझ है कि लोकतंत्र चार खंभों पर खड़ी इमारत है और चार खंभे हैं-विधानमंडल, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया। लेकिन असल में इस इमारत के तीन खंभे और हैं, जो भारत के लोकतंत्र को बचाए रखने और संवर्धित करने में योगदान करते हैं। उन तीन खंभों में एक है राजनीतिक दल, दूसरा है विविद्यालय आदि शिक्षा एवं ज्ञान केंद्र। और तीसरा है, नागरिक समाज। यह सातवां खंभा आज बहुत मजबूत है। इसमें यह भाव नहीं है सत्ता हमारे पास आए, बल्कि यह प्रयास है कि सत्ता योग्य व्यक्तियों के हाथों में जाए। वैसे तो कोई भी सत्ता किसी का दखल पसंद नहीं करती, लेकिन मौजूदा सत्ता संचालक नागरिकों की पहलों को एकदम नापसंद करते हैं। इसलिए काशी से लेकर कलकत्ता तक नागरिक समाज पर ग्रहण लगा हुआ है। आशा करनी चाहिए कि तमाम बाधाओं के बावजूद सक्रिय और सरोकारी नागरिक परस्पर सहयोग का वातावरण बनाकर चुनाव को शुद्ध बनाने, प्रदूषणमुक्त बनाने और निर्मल बनाने के लिए घोषणा-पत्र निर्माण, उम्मीदवारों के चयन, प्रचार की रणनीति और मतदान का पक्ष-सबकी निगरानी करेंगे, सबमें हिस्सेदारी करेंगे और सबमें योगदान करेंगे।

मुद्दा

# अब क्या जेल से चलेगी दिल्ली की सरकार!

मनोज कुमार अग्रवाल



ईडी और दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री केजरीवाल के बीच लंबे समय से शराब घोटाला मामले को लेकर चल रहा चूहा बिल्ली का खेल गुरुवार को अपने पटाक्षेप पर पहुंच गया और कई माह से ईडी के सामान की उपेक्षा कर रहे अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया ईडी की टीम शराब घोटाले मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल के आवास पर पहुंची थी। पूछताछ के बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि केजरीवाल को ईडी के दफ्तर लेकर जाया जा रहा है। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या अब वो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे? क्या अब दिल्ली को नया मुख्यमंत्री मिलने जा रहा है? हालांकि दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा है कि गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाएंगे।सवाल को समझने के लिए हाल ही में झारखंड में हुए घटनाक्रम को देखा जा सकता है। झारखंड में भी दिल्ली जैसा ही मामला सामने आया था। भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कई समन जारी किए। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी के गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन राजभवन जाकर राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बादव्य झारखंड में चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। झारखंड के हाल ही में हुए इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद दिल्ली में भी संशय बढ़ गया है। लेकिन केजरीवाल के इस्तीफा को लेकर अभी तक कुछ भी साफ तौर पर नहीं कहा गया है।झारखंड के घटनाक्रम के साथ-साथ दिल्ली में भी दो ऐसे उदाहरण हैं, जिससे केजरीवाल के इस्तीफा देने की आशंका बढ़ जाती है। मनीलॉन्ड्रिंगे मामले में ईडी दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के दो नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तारी के बाद सिसोदिया ने उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, वहीं सत्येंद्र जैन ने भी स्वास्थ्य मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था। ऐसे में अब उनकी ही पार्टी के मुखिया की गिरफ्तारी के बाद उनके इस्तीफे की भी चर्चा काफी तेज हो गई है। विपक्षी दल भी केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैशराब घोटाले मामले में एक के बाद 9 समन की अनदेखी करने के बाद आज आखिरकार ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। आम आदमी पार्टी लगातार ये दावा करती रही है कि ईडी सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है। कुछ महीने पहले आम आदमी पार्टी ने एक कैंपेन भी चलाया था, जिसमें लोगों से पूछा गया था कि अगर केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाता है, तो उन्हें जेल से सरकार चलानी चाहिए या फिर इस्तीफा देना चाहिए? वहीं आतिशी के साथ साथ विधानसभा स्पीकर राम निवास गोयल ने भी कहा कि गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल जेल से ही दिल्ली सरकार चलाएंगे। फिलहाल आम आदमी पार्टी के रुख और पार्टी नेताओं के बयानों से तो यही लग रहा है कि केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाएंगे।बता दें कि सीएम केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट में नई याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने गुहार लगाई कि उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए। वह जांच में शामिल होने को तैयार हैं। हाईकोर्ट ने उन्हे कोई राहत नहीं दी।अदालत ने सुनवाई के दौरान केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रोक से इनकार कर दिया था। अदालत में सुनवाई के कुछ घंटों बाद ही ईडी की टीम केजरीवाल के घर पहुंच गई। दो घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

ईडी की इस कार्रवाई के बाद विपक्षी गठबंधन के तेवर बेहद आक्रामक हो गए हैं। विपक्षी दलों के नेताओं ने इस कारवाई को लोकतंत्र के खिलाफ और विपक्ष के खिलाफ सत्ताधारी पार्टी की साजिश बताया है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि 'जो खुद हैं शिकस्त के खौफ में कैद, वो क्या करेंगे किसी और को कैद।' उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है कि वो फिर दुबारा सत्ता में नहीं आनेवाली, इसी डर से वो चुनाव के समय, विपक्ष के नेताओं को किसी भी तरह से जनता से दूर करना चाहती है, गिरफ्तारी तो बस बहाना है। पूर्व सीएम ने कहा कि ये गिरफ्तारी एक नयी जन-क्रांति को जन्म देगी।केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी बेहद आपत्तिजनक है। यह कार्रवाई चुनाव प्रक्रिया के स्तर पर विपक्षी आवाज को बंद करने के प्रयास का हिस्सा है।

इधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष को हर तरह से चुनाव के पहले गैर कानूनी तरीके से कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते सीज का भी मामला उठाया। खरगे ने कहा कि भाजपा को अगर सच में जीत का भरोसा होता तो संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता सीज नहीं किया जाता।अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ ही आम आदमी पार्टी की लीगल टीम ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है. आप ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है. आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने कहा कि हमने ईडी द्वारा दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है. हमने आज रात ही सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की है. बताया जा रहा है कि शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट इस मामले में सुनवाई कर सकता है। बता दें कि ईडी के 6 से 8 अधिकारी सीएम केजरीवाल के घर पहुंचे थे, ईडी की टीम 10वां समन देने आई थी. ईडी इसके पहले भी सीएम केजरीवाल को 9 समन दे चुकी थी. आज यानी 21 मार्च को केजरीवाल को 10वां समन दिया गया है. सीएम आवास पर कई अधिकारी पहुंचे थे. इसके बाद ईडी के जॉइंट डायरेक्टर ने सीएम केजरीवाल से पूछताछ की. सीएम से पूछताछ पीएमएलए की धारा 50 के तहत की गई. इसी दौरान ऐसी आशंका जताई गई थी कि ईडी केजरीवाल को अरेस्ट कर सकती है. लिहाजा सीएम आवास के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गई थी. ईडी ने 2 घंटे तक केजरीवाल से पूछताछ की. वहीं, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि केजरीवाल गिरफ्तारी के बाद भी इस्तीफा नहीं देंगे। गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका रात 8.57 बजे दाखिल हो गई थी. केजरीवाल के वकीलों की टीम ने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से सम्पर्क किया था. रजिस्ट्रार ने उनको इंतजार करने को कहा था. बाद में लीगल टीम ने तय किया कि आज सुनवाई के लिए जोर नहीं देंगे. देर रात गए ये स्पष्ट हो गया कि सुप्रीम कोर्ट केजरीवाल की याचिका पर शुक्रवार को करेगा सुनवाई. शीघ्र सुनवाई के लिए चीफ जस्टिस की कोर्ट में मुकदमा मेंशन किया जाएगा. होली की छुट्टी से पहले शुक्रवार को नियमित सुनवाई का आखिरी दिन है। शनिवार से



अगले रविवार तक 9 दिन तक अवकाश रहेगा. सुप्रीम कोर्ट में मेंशनिंग से संबंधित ड्यूटी रजिस्ट्रार ने कहा कि केजरीवाल के वकीलों का मैसेज आया था. हमने उसे सीजेआई ऑफिस को भेज दिया. सीजेआई ऑफिस से मैसेज आ गया कि आज रात सुनवाई नहीं हो पाएगी. शुक्रवार की सुबह केजरीवाल के वकील सुप्रीम कोर्ट के सामने मेंशन करेंगे. इसके बाद ही ये स्पष्ट हो गया कि सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को ही केजरीवाल की अर्जी सुनेगा, जिसमें ईडी की कार्रवाई को गैर कानूनी बताते हुए कानूनी चुनौती दी गई है। देखना है कि केजरीवाल का ऊंट किस करवट बैठता है लेकिन इतना जरूर है कि केजरीवाल को यदि सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिलती है तो यह विपक्ष के लिए बेहद मनोबल तोड़ने वाली बात होगी ।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने विभिन्न संस्थानों में दी दबिश

■ बिना लाइसेंस एवं कालातीत खाद्य सामग्री विक्रय के 9 प्रकरण दर्ज





**उत्तर बस्तर कांकेर, 23 मार्च।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा छ.ग. के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी सह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अरुण कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री विमल कुमार सिंह द्वारा होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए त्यौहारी सीजन में विभिन्न खाद्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न संस्थानों में मिठाईयां, खाद्य तेल, बेसन, मैदा, मुर्गा, मटन आदि खाद्य पदार्थों का निरीक्षण कर विगत एक माह में कुल 6 नमूने लिए गए, जिनमें राजा भोजनालय एवं रेस्टॉरेंट चारामा, कमला भोग एवं सत्यानंद मिष्ठान भंडार पखांजुर, जैन मिष्ठान कांकेर, नेकी हसन एवं स्वीट्स कांकेर, राहुल ट्रेडर्स कांकेर जांच हेतु लिया गया, जिसे राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया एवं आगे की कार्यवाही जांच प्रतिवेदन आने के बाद किया जाएगा। साथ ही बिना लायसेंस/पंजीयन एवं एक्सपायरी खाद्य सामग्री विक्रय कर रहे खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत 9 प्रकरण दर्ज किए गये हैं, इनमें सोनू ट्रेडिंग कंपनी भानुप्रतापपुर, राजस्थान स्वीटस अंतागढ़, श्री श्री सत्यानंद मिष्ठान भंडार पखांजुर, सद्दाम चिकन एवं मटन सेंटर सिंगारभाट, न्यू आबिद भाई चिकन सेंटर सिंगारभाट, ए.एस चिकन बिरयानी सेंटर बरदेभाटा, इंडिया चिकन सेंटर डेली मार्केट कांकेर, साहू चिकन सेंटर डेली मार्केट कांकेर तथा मोहम्मद आसिफ मटन सेंटर डेली मार्केट कांकेर शामिल हैं।

## एक नजर

### चारामा थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**चारामा 23 मार्च।** बसंतोत्सव पर्व होली को शांति पूर्वक मनाने को लेकर चारामा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी राहुल कुमार रजक एवं उप पुलिस अधीक्षक कुलदीप बंजारे की उपस्थिति में किया गया। बैठक में अधिकारियों ने होली पर्व में शांति व्यवस्था बनाये रखने, जबरदस्ती रंग नही लगाने, नशापान कर वाहन नही चलाने, मुखौटों का उपयोग नही करने तथा सद्भाव के साथ होली मनाने की अपील आम जनता से किया। षांति समिति की इस बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, पार्षद रानू सेन, व्यापारी संघ के अध्यक्ष युगल खत्री, व्यापारी वर्ग से पापुन बोस, उत्तम साहू सहित नगर के पत्रकारगण, चारामा थाना के निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवशी एवं स्टाफ उपस्थित रहे वहीं तहसीलदार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी इस बैठक में उपस्थित नही रहे।

### सद्भाव एवं शांति पूर्ण हो होली त्यौहारः सरपंच कृष्णा साहू

**राजनांदगांव 23 मार्च।** ग्राम पंचायत भेडीकला सरपंच कृष्णा साहू एवं ग्राम पंचायत के पंचगण के द्वारा होली का त्यौहार होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरपंच कृष्णा साहू ने बताया होली का त्यौहार सद्भाव एवं शांतिपूर्ण मनाने की समस्त ग्रामवासियों को अपील की ऐसा कोई भी काम नहीं करना है जिसमें किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति होगी। सभी शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाएं एवं सभी गांव वासियों को एक दूसरे को गुलाल लगाकर बहुत बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐ प्रेषित किया। ग्राम पंचायत भेड़ीकला के सरपंच कृष्णा साहू ने समस्त सम्मानित ग्रामवासियों से सादर निवेदन हैं रंगों के पावन पर्व होली त्यौहार शांतिपूर्ण एवम सदभाव पूर्वक मनाना है इसी कड़ी में विगत दिनों पुलिस प्रशासन द्वारा बैठक कर निर्देश दिया गया है कि गांव में होली के पावन पर्व पर झगड़ा लड़ाई नही करनी है साथ ही आपत्ति जनक कार्य, दुर्व्यवहार से बचना है एवम गांव में, चौक चौराहों पर डी जे, आदि बजाने पर प्रतिबंध है,आप सभी से सहयोग अपेक्षित है।

### छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया




**अंवरी 23 मार्च।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया नगर पंचायत भखारा के गली मोहल्ले में नारों के साथ रैली निकाला।

### अनिवार्य सेवाओं के मतदाताओं को डाक मतपत्र के संबंध में बैठक

**जगदलपुर, 23 मार्च।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उप निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र श्री ऋषिकेश तिवारी द्वारा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा देने के संबंध में जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में बैठक ली। नोडल अधिकारी डाक मतपत्र श्री ऋषिकेश तिवारी ने बताया कि बस्तर जिले के अंतर्गत कार्यरत अत्यावश्यक सेवा आकाशवाणी, रेल्वे, विद्युत, दूरसंचार (बीएसएनएल) दूरदर्शन, स्वास्थ्य विभाग, डेयरी विकास निगम (दुग्ध), पोस्ट आफिस एवं भारतीय खाद्य निगम में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडियाकर्मी जो कि मतदान दिवस के दिन अपने कर्तव्य पर उपस्थित रहेंगे और वोटिंग से वंचित हो सकते हैं उनके द्वारा 12 डी में आवेदन भरकर जिला डाक मतपत्र शाखा में मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति व मतदान दिवस के दिन कार्य में होने के प्रमाण सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा संबंधित विभाग इसकी जानकारी तत्काल निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करवाएंगे क्योंकि फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2024 तक निर्धारित है। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र श्री तिवारी ने बताया कि अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा के लिए संयुक्त कार्यालय में 13,14 और 15 अप्रैल को डाक मतपत्र के माध्यम से वोट देने की सुविधा दी जाएगी। इस अवसर सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कलाकारों ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल में छत्तीसगढ़ी लोकगाथा में नाटक दसमत का किया मंचन



**रायपुर 23 मार्च।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल (मध्यप्रदेश) के 48 वां स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से भोपाल में छत्तीसगढ़ी लोकगाथा पर आधारित लोकनाट्य ÷दसमत÷ का मंचन किया गया। नाटक के निर्देशक श्री राकेश तिवारी जी है। नाचा गम्मत शैली में हुई नाट्य प्रस्तुति की शुरुआत गांव में चल रही ग्राम देवता की पूजा से होती है एक घंटे के नाटक में बताया गया की राजा भोज (डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर) को अहंकार है कि उसके राज्य की प्रजा मानती है की सभी राजा के ही भाग्य का जीते - खाते हैं लेकिन उसकी छोटी बेटी दसमत (मीना विश्वकर्मा) कहती है कि मैं अपने भाग्य का खाती हूं, तब राजा भोज क्रोधित होकर आदेश देता है कि दसमत अपने भाग्य का खा रही है तो इसकी शादी राज्य के सबसे गरीब व्यक्ति सूदन (संत फरिकर) से कराई जाए। दसमत की शादी तालाब खोदने वाले एक मजदूर से हो जाती है। समय बिताते दसमत को पता चलता है कि उसके पति सूदन को तालाब खोदते हुए कभी जोगनी पत्थर भी मिलता है, इसके बदले साहूकार 20 किलो चावल और 1 किलो नमक देता है जोगनी पत्थर वस्तुतः हीरा है जिसे पहचान कर दसमत साहूकार से उसका उचित दाम दिलाता है जिससे दसमत का परिवार संपन्न धनी हो जाता है। समय का फेर और राजा भोज गरीब हो जाता है यह देखकर दसमत अपने पिता को पूरी संपत्ति देकर तालाब खोदने धौरा नगर राज्य चली जाती है धौरा नगर का राजा महान देव (घनश्याम वर्मा) है, उसे पता चलता है कि उसके राज्य में तालाब खोदने आए समूह में बहुत ही खूबसूरत कन्या है राजा स्वयं जाकर देखता है और दसमत के रूप में मोहित होकर उससे विवाह करना चाहता है। समूह के लोग राजा महान देव को दसमत की जाती उसका शादीशुदा होना बताते हुए कहते हैं कि वह राजा भोज की बेटी है जिसे राजा महानदेव बड़े भाई की तरह मानते थे इसके बावजूद राजा महान देव विवाह के लिए अड़ा रहता है। समूह के मुखिया (सुदामा शर्मा) अपनी जाति की परंपरा की बात कहते वर को शराब व सुअर मांस सेवन करना अनिवार्य बताता है राजा महानदेव उसकी इस शर्त को मानने के लिए तैयार हो जाता है समूह के लोग राजा महानदेव को शराब और सूअर का मांस खिलाकर खाट में बांधकर रातों-रात दूसरे राज्य के लिए निकल जाते हैं इधर जब राजा महानदेव को होश आता है तो पता चलता है कि उसके पुत्र राजकुमार और रानियां उसकी इस हरकत के कारण उसे राजमहल में नहीं आने देना चाहते और रानियां भी नाराज है इस कारण व्यथित विरही राजा साधुओं के साथ शामिल होकर दिव्य दर्शन की तलाश में राज्य छोड़ देता है।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल लालागुड़ा में बच्चों के परीक्षा परिणाम किए गए घोषित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 23 मार्च।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल लालागुड़ा में शुक्रवार को एलकेजी से कक्षा नवमी तक के कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किए गए । सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष प्राचार्या श्रीमती ममता पांडा, परीक्षा विभाग प्रभारी राया भट्टाचार्य ने दीप प्रज्वलित किया । इस दौरान प्राचार्य ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए परीक्षा परिणाम के महत्व पर चर्चा की साथ ही उन्होंने नई शिक्षा प्रणाली पर भी प्रकाश डाला एवं अभिभावकों को बच्चों की तुलना करने से बचने का सुझाव दिया। शानदार परीक्षा परिणाम के लिए उन्होंने अभिभावकों को बधाइयां दी एवं विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। इनमें कक्षा एलकेजी से प्रथम तीन लालिमा आंचल, भावेश कुमार चिंदा, दिफ्लेश्वर कुंजाम, यूकेजी से रोहन वर्मा, तुषार कश्यप, कनिष्का मेरावी, कक्षा पहली से धारा कंवर, अनन्या पोयाम, पाखी नेताम, कक्षा दूसरी से सुयांश रंगारे, दिव्यांशी लाकड़े, रोशन सेठिया, कक्षा तीसरी से श्रीकृष्ण सोढ़ी, किरण दास, सिद्धार्थ जायसवाल, चौथी से गायत्री बघेल, नैतिक कंवर, नारायण भारद्वाज, पांचवी से कृतिका मिश्रा, प्रतिमा साहू, भावेश नेताम, छठवीं से अनुराग जायसवाल, साई मंडावी, नैतिक कुमार, सातवीं से शशि जायसवाल, सोनम भारद्वाज, गौतम कश्यप, नवमी से कुसुम कश्यप, वेणुगोपाल गावड़े, विनय बघेल ने उच्च स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थी की उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मंत्र उपचार एवं शांति पाठ सुरेन्द्र दलपत ने किए। कक्षा शिक्षकों से बच्चों के रिपोर्ट कार्ड पाकर अभिभावक अभिभूत हुए।



# 31 मार्च तक सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने करदाताओं से आयुक्त ने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 23 मार्च।** वित्तीय वर्ष समाप्ति एवं लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिये नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता समय समय पर राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षाकर राजस्व वसूली की जानकारी लेकर, दिशा निर्देश दिये। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने पर उन्होंने संबंधित वार्ड प्रभारी को नोटिस जारी कर कार्यवाही भी कर रहे है। उन्होंने करदाताओं से चालू वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक अपने बकाया सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि करदाता अवकाश के दिनों में भी अपने करो का भुगतान कर सकते है।

आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा समय समय पर राजस्व विभाग की बैठक लेकर वसूली में तेजी लाने निर्देशित किया जा रहा था, इसके अलावा बडे बकायादारों की जानकारी लेकर नाम प्रकाशित करने, नल विच्छेदन करने, कुर्की करने तथा दुकाने सील करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे, इसके अलावा उनके द्वारा समस्त वार्डप्रभारियों की वार्डवार समीक्षाकर शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश दिये जा रहे थे तथा 30 प्रतिशत से कम वसूली पर वार्ड प्रभारियों को वसूली में तेजी लाने समझाईस दी जा रही थी। समझाईस उपरांत भी वसूली कम आने पर कार्यवाही भी की जा रही है, इसके अलावा राजस्व कार्यालय के साथ साथ घर घर जाकर राजस्व वसूली करने कडे निर्देश दिये जा रहे है। आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति पर कडाई से करो का वसूली करना सुनिश्चित करे। शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली नही करने पर कडी कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से करो का भुगतान नहीं करने वालों का नाम प्रकाशित करे तथा निगम स्वामित्व की दुकाने जिनकी प्रीमियम जमा नहीं हुये है तथा लम्बे समय से दुकान किराया नहीं जमा करने वालो की दुकाने सील करने के निर्देश दिये गये है।

# बैनपल्ली के जंगल से सीआरपीएफ 231 वीं वाहिनी ने किया दो माओवादी को गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**गीदम 23 मार्च।** शुक्रवार को 231 वाहिनी कमांडेंट सुरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में वाहिनी के परिचालनिक क्षेत्र में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत सीआरपीएफ 231वीं वाहिनी के कमारगुड़ा कैम्प से जी,एफ एवं यंग प्लाटून का बल एस.सी.ओ. ड्यूटी हेतु थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के ग्राम परलागट्टा एवं बैनपल्ली की ओर रवाना हुये थे कि ग्राम परलागट्टा एवं बैनपल्ली के बीच जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस पार्टी को देखकर कुछ संदिग्ध व्यक्ति भागने व छिपने लगे जिसमें 2 संदिग्ध व्यक्तियों को सुरक्षाबलों के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। 231 वाहिनी द्वारा पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ हेतु सिविल पुलिस को सौंप दिया गया । सिविल पुलिस के द्वारा से पूछताछ करने उन्होंने पर अपना नाम पोदिया उर्फ अजय पुनेम पिता सन्नु पुनेम उम्र लगभग 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गोरगेपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर जो पीड़िया पंचायत मिलिशिया सदस्य एवं सोना लेकाम पिता स्व0 भीमा लेकाम उम्र लगभग 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी पीड़िया लेकामपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर जो ग्राम पीड़िया भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर के पद पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में कार्य करना बताये व वर्ष 2023 थाना किरन्दुल एवं बचेली के बीच रेल्वे दोहरीकरण कार्य में लगे पोकलेन वाहन को तोड़फोड़ कर आगजनी करने की घटना में शामिल होना बताया। उक्त पकडे गए माओवादियों को थाना किरन्दुल के अप0 क्र0 30/2023 धारा 147, 148, 149, 435 भादवि0 एवं 13(1) 38(1) 39(2) विविक्रिनिअधि0 पंजीबद्ध होने से विधिवत रूप से गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## समाचार संक्षेप

### छग शालेय शिक्षक संघ दतेवाड़ा ने नवनियुक्त जिला शिक्षाधिकारी से भेट कर दी शुभकामनाएं



**दन्तेवाडा 23 मार्च।** शालेय शिक्षक संघ जिला इकाई दतेवाड़ा का प्रतिनिधि मंडल नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबास्ता से प्रातीय पदाधिकारी शैलेष सिंह एवं जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में सौजन्य भेट किया । जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में पदस्थ शिक्षक एलबी संवर्ग की विभिन्न समस्याओं को अवगत कराते हुए बताया कि संविलियन के पाँच वर्ष उपरांत भी दिवगत लगभग 40 शिक्षक एल.बी संवर्ग के परिजनों को आज पर्यन्त परिवार पेंशन एवं स्वत्वों का भुगतान संयुक्त संचालक कोष लेखा से सेवा सत्यापन के अभाव में नही हो पा रहा है जिससे उनके आश्रित परिवार दर - दर की ठोकरें खाने को मजबूर है । साथ ही सेवानिवृत शिक्षक एल बी संवर्ग के शिक्षकों के स्वत्वों के भुगतान में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । गोपनीय चरित्रावली का संधारण विभाग के द्वारा प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए किन्तु ऐसा न कर शिक्षकों के द्वारा ही गोपनीय चरित्रावली मंगवाने का संगठन ने विरोध किया है । संगठन के महामंत्री शैलेश सिंह ने जिला में संचालित 17 पोटा केबिन में अध्ययनरत सात हजार बच्चों के विद्यालयों में सीधी भर्ती के सेट अप स्वीकृति का मुद्दा भी रखा जिसमें शिक्षकों की पूर्ति वर्तमान में युक्तियुक्तकरण द्वारा अन्य विद्यालायों से की जा रही है जिससे उन विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है । जिसको जिला शिक्षा अधिकारी ने गंभीरता पूर्वक सुना एवं समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन संगठन को दिया जिसके सुखद परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेंगे । प्रतिनिधि मंडल में जिला पदाधिकारी एवं ब्लाक पदाधिकारी कमल कर्मकार दिनेश गवेल, अंकित गुप्ता ,विनय प्रधान, केशव स्वर्ण, आनंद मुडानी, मधु उइके, पलकेश सोनी, नितिन विश्वकर्मा, दीपक शास्त्री, जितेन्द्र चौहान, नवीन मिश्रा व मूलचन्द्र चंद्राकर आदि शामिल थे।

### वक्ता मंच की काव्य गोष्ठी में खूब जमा रंग




**रायपुर 23 मार्च।** प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा पेंशनर्स समाज भवन, कलेक्ट्रेट परिसर रायपुर में 22 मार्च की संध्या को संपन्न काव्य गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार चेतन भारती को महामूर्ख का ताज पहनाया गया द्य इस अवसर पर ÷ होली की हुड़दंग - कवियों के संग शीर्षक से संपन्न काव्य गोष्ठी में 30 से अधिक कवियों ने होलियाना अंदाज़ में काव्य पाठ कर धूम मचा दिया द्य आज के आयोजन के मुख्य अतिथि चेतन भारती थे द्य अध्यक्षता कुमार जगदलवी ने की एवं विशेष अतिथि राजाराम रसिक थे द्य कार्यक्रम के दौरान शालीनता से होली मनाने एवं लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की गई द्य वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि वक्ता मंच द्वारा गोबर के कंडो से होलिका दहन करनेवाली समितियों को पुरस्कृत किया जायेगा द्य काव्य गोष्ठी की प्रस्तुतियां इस प्रकार रही।

### उपडाकघर छोटेडोंगर का उद्घाटन




**कोंडागांव 23 मार्च।** भारतीय डाक विभाग द्वारा 22 मार्च को नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर में संचालित शाखा डाकघर को उपडाकघर के रूप में औपचारिक शुभारंभ किया गया। उपडाकघर का शुभारंभ अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग आरपी वर्मा द्वारा फीता व केक काटकर की गई। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के छायाचित्र के द्वीप प्रज्ज्वलित व फूलमाला अर्पित की गई। । इस मौके पर अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग श्री आरपी वर्मा ने कहा कि अब डाकघर से सम्बंधित किसी भी कार्य के लिए ग्रामीणों को नारायणपुर जाना नही पड़ेगा, अब पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, बचत खाता परिपक्वता लाभ, किसान विकास पत्र, राष्ट्रीय बचत पत्र, पब्लिक प्रोविडेंट फंड इत्यादि सेवाएं भी छोटे डोंगर में उपलब्ध होगी। इस पर उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। अब उपडाकघर के रूप में सृजित करने पर आसपास के लोगो को अनेक सुविधाएं मिल सकेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सहायक अधीक्षक डीके जायसवाल, आरएस मिश्रा उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव 1, सुभाष भुआर्य उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव 2, सरपंच मांझी जी, ग्रमीण डाक सेवक व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

■ बचेली नगर की यातायात व्यवस्था,साइबर क्राइम,नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

# नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन के पदाधिकारियों ने नए थाना प्रभारी का किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा/बचेली 23 मार्च।** नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन छ.ग प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएम सोनी की अगुआई में जिला दंतेवाड़ा टीम ने बचेली नगर में नव पदस्थ थाना प्रभारी मधुनाथ ध्रुव से सौजन्य भेंट कर उन्हे पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही नगर की यातायात व्यवस्था दिन ब दिन बढ़ते साइबर अपराध,नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा ,नशे के कारोबारियों पर कार्यवाही सहित बाइकर्स द्वारा ओवर स्पीडिंग,प्रतिबंधित साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालो पर कार्यवाही करने सहित अन्य कई मुद्दों पर गहन चर्चा की। थाना प्रभारी मधुनाथ ध्रुव द्वारा सभी मामलों को गंभीरता से विचार कर जल्द ही कार्यवाही का आश्वासन दिया गया साथ ही उनके द्वारा साइबर क्राइम को रोकने नगरवासियों को जागरूक होने,यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने हेतु अपील भी की,श्री ध्रुव ने बताया की आगामी होली पर्व एवम लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन पर नगर में बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित करने बचेली पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। नगर के चप्पे चप्पे पर पुलिस की नजर है नगरवासी होली पर्व को शांति से मनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करे। इस चर्चा में नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएम सोनी,प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रियांशु सिंह,जिला अध्यक्ष दिलीप सोनी,महिला पदाधिकारी संयुक्ता देवांगन,जिला कार्यकारिणी सदस्य सुखविंदर सिंह मौजूद रहे।

## एक नजर

### पार्टी का आदेश हुआ है इसलिए महासमुंद लोकसभा से चुनाव लड़ रहा हूं: ताम्रध्वज साहू



**राजिम 23 मार्च ।** शहर के पथर्रा रोड स्थित साहू छात्रावास भवन में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे पूर्व गृहमंत्री एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी का आदेश हुआ है इसलिए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा हूं। मुझे विश्वास है महासमुंद की जनता भारी मतों से जीताएगी। मैं पूरे मन से 5 साल दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनता की सेवा करूंगा। सवाल ही नहीं उठता की भाजपा 400 सीटें पार कर लेगी। यह कोई दिल्लगी नहीं है। भारतवर्ष में आजादी के बाद एक बार पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय में ऐसा हुआ था उसके बाद से किसी ने भी 400 पार नहीं किया है। मोदी जी दो बार प्रधानमंत्री बन चुके हैं तीसरी बार मुश्किल है हम छत्तीसगढ़ के पूरे 11 लोकसभा सीट जीतेंगे तो वहीं उनके कार्यक्रम अधिकांश कुर्सियां खाली थी कुर्सी खाली होने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि कुर्सी ज्यादा लगा दिए थे इस कारण खाली दिख रहे हैं जबकि कुछ दिनों पहले कांग्रेस के नेता हजारों की संख्या में अपने समर्थकों के साथ स्थानीय विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में भाजपा पार्टी में शामिल हुए हैं कहीं न कहीं कांग्रेस के लिए बहुत बड़े नुकसान है।

### होली पर्व पर 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**राजिम 23 मार्च ।** राज्य शासन द्वारा 25 मार्च 2024 होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जायेगा) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित करने के फलस्वरूप जिले के समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें तथा मद्य भण्डारगार इस दिन पूर्णतः बंद रहेगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने उक्त शुष्क दिवस में जिले के किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भण्डारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया गया है कि शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाई जाए और उन्हें जब्त करने की कार्यवाही की जाए।

### परसदा में रामभक्त प्रतिदिन निकाल रहे हैं प्रभात फेरी



**नवापारा राजिम।** 22 जनवरी को अयोध्या के मंदिर में भगवान श्रीरामचंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा किया गया. इसी ख़ुशी में रामभक्तों द्वारा ग्राम परसदा में प्रतिदिन सुबह चार बजे बाजार चौंक, घासीदास चौक, गायत्री चौक, बजरंग चौंक, साहड़ा चौक से शीतला चौंक होते हुए गाँव भ्रमण करते हुए भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा, चौपाई गाते हुए गाँव में सुख,समृद्धि एवं शांति की कामना करते हुए दो माह से लगातार प्रभात फेरी निकाली जा रही है.प्रभात फेरी में प्रमुख रूप से चिंता राम साहू,भूषण वर्मा, जगदीश साहू, प्रीत राम साहू, गैंदलाल वर्मा,कुमा तारक लोकेश साहू,रामकुमार हिरवानी,दशरथ तारक, ठाकुर राम साहू,पूरन लाल साहू,खिलावन साहू,मोहन तारक, संतोष साहू,थनवार साहू, मणीलाल साहू,करण साहू तिलक राम तारक,विनोद सेन सहित ग्राम वासी शामिल है

### होली पर्व पर बंद रहेंगी शराब दुकानें

**गरियाबंद, 23 मार्च।** राज्य शासन द्वारा 25 मार्च 2024 होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जायेगा) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित करने के फलस्वरूप जिले के समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें तथा मद्य भाण्डागार इस दिन पूर्णतः बंद रहेगी।

इस संबंध में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने उक्त शुष्क दिवस में जिले के किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भण्डारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया गया है कि शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाई जाए और उन्हें जब्त करने की कार्यवाही की जाए।

## पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखेगी

# होली में शरारती तत्वों व बाइक स्टंटबाजों पर होगी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 23 मार्च।** होली को लेकर शांति समिति की बैठक सिटी कोतवाली पुलिस थाना परिसर में हुई, जिसमें आगामी होली पर्व शांतिपूर्वक, सद्भाव के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से त्योहार के मौके पर पानी, बिजली, होलिका दहन हेतु गोबर कन्डा, दूसरे दिन भी विभिन्न मोहल्ले में पानी टैंकर भेजने का निवेदन लोगों ने किया अस्पताल मे डाक्टर की मांग की बैठक में नपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके डी एस पी गोपाल वैश्य तहसीलदार गरियाबंद, थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े, पाषर्दं आसिफ मेमन, सन्दीप सरकार,विष्णु मरकाम,प्रतिभा पटेल, ज्योति साहनी, छगन यादव,राजेश साहू किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष हरीश भाई ठक्कर चेंबर ऑफ़ कामर्स के अध्यक्ष प्रकाश रोहरा मुकेश पांडे ,बसंत शर्मा एवं पत्रकार बंधु सहित सभी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे समाज के लोगों से चर्चा उपरांत होली त्यौहार सद्भावना के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर यह भी निर्णय लिया गया रात 10:00 बजे के बाद डी जे नगाड़ा नहीं बजाई जाएंगे रंग गुलाल से होली खेला जाएगा ,शराब पीकर तीन सवारी के साथ कोई भी वाहन नहीं चलाएगा, साथ ही गाड़ी को कट मारते हुए चलते पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई होगी । होलिका दहन निश्चित पंचांग समय के अनुसार किया जाएगा । इस अवसर पर विशेष रूप से शारदा चौक, संतोषी मंदिर चौकस वार्ड नंबर 3-4-7 में पुलिस पेट्रोलीगँ काक्ष विशेष गस्त रहेगा। सड़क के ऊपर होलिका दहन नहीं किया जाएगा, होलिका दहन, आचार संहिता एवं रमजान साथ में होने के कारण विशेष सावधानी बरती जाएगी मुखौटा लगाकर होली नहीं खेला जाएगा, पेंट से होली नहीं खेल जाएगा साथ ही नेताओं के नाम पर फोटो लगे पिचकारी के बिक्री पर कठौर कदम उठाने का भी लोगों ने अनुरोध किया

### होली का पर्व शांति, सद्भावना एवं भाईचारा से मनाएं:गोपाल वैश्य

डीएसपी गोपाल वैश्य ने कहा होली पर्व-त्योहार भाईचारे एवं सदभावना के साथ मनाये, ओर्गेनिक को रंग और गुलाल से होली खेलने की सलाह दी। कहा कि होली के मौके पर किसी भी तरह के असामाजिक कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो क्षेत्र का माहौल को खराब करने की कोशिश करेंगे, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। थाना प्रभारी जांगड़े ने कहा संध्या के समय मुसलमान भाइयो का रोज़ा इफ़्तारी रहेगा, बिना पूछे किसी के भी ऊपर किसी प्रकार का रंग या गुलाल ना लगाये संपूर्ण गरियाबंद में गश्ती होती रहेगी। खरीदारी करने आये किसी भी व्यक्ति को किसी तरह की कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी।

मोबाइल फ़ोन के उपद्रवी मैसेज से बचे बिना सच्चाई जाने किसी भी प्रकार के संदेश को फ़ारवर्ड ना करे किसी भी अनजान व्यक्ति को रंग ना लगाएं। जिससे की वाद-विवाद की स्थिति बने। होली के त्योहार को लेकर कहा की, ऐसी जगह पर होली ना जलाएं, जहां पर बिजली के तार हों।

त्योहारों को लेकर शहर के लोगों ने भी अपने कुछ सुझाव रखे। साथ ही उन्होंने भरोसा दिया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा।

## होली पर शांति व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक दण्डाधिकारी ड्यूटी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 23 मार्च।**होलिका दहन एवं होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए 24 मार्च होलिका दहन एवं 25 मार्च को होली का त्यौहार होने के कारण जिले के समस्त अनुविभाग एवं तहसीलों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक दण्डाधिकारी ड्यूटी लगाई गई है। उक्त तिथि को समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने-अपने अनुभाग में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सम्पूर्ण प्रभार में रहेंगे। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार सम्पूर्ण गरियाबंद तहसील हेतु श्री डोनेश्वर साहू नायब तहसीलदार मो.नं. 8962881255 एवं सुश्री अवंतिका गुप्ता नायब तहसीलदार मो. नं. 8871210085, छुरा तहसील के लिए सुश्री सतरूपा साहू प्रभारी तहसीलदार मो. न. 9827969600 एवं श्री योगेन्द्र कुमार देवांगन नायब तहसीलदार मो. नं. 9691515442, राजिम तहसील के लिए श्री अजय कुमार चन्द्रवंशी तहसीलदार मो. नं. 9981441740, फिंगेश्वर तहसील के लिए श्री गैंदलाल साहू तहसीलदार मो. नं. 7697807982, मैनपुर तहसील के लिए श्रीमती जॉली जेम्स तहसीलदार मो. न. 9424291946 व श्री तारेन्द्र कुमार ठाकुर नायब तहसीलदार मो. नं. 8076758435, सम्पूर्ण अमलीपदर तहसील के लिए श्री रमाकांत कैवर्त प्रभारी तहसीलदार मो. नं. 9669274779 एवं सम्पूर्ण देवभोग तहसील के लिए श्री सुशील कुमार भोई प्रभारी तहसीलदार मो. नं. 8889825186 एवं श्री विजय कुमार सिंह नायब तहसीलदार मो. नं. 7879643161 को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## टीचर्स एसोसिएशन ने नवपदस्थ बीआरसी को दी बधाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम, 23 मार्च। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर द्वारा प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू व ब्लाक अध्यक्ष हुलस साहू के नेतृत्व में नव पदस्थ विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा से सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी. इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने कहा कि उच्च कार्यालय के दिशा निर्देश का पालन करते हुए सभी शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर विद्यार्थियों के हित में कार्य किया जाएगा. साथ ही विभाग के समस्त शिक्षकों से अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने का अनुरोध किया. इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरनलाल साहू ब्लॉक अध्यक्ष हुलस साहू, जिला संयोजक भुवन यदु,किरण साहू,दिनेश्वर साहू,डगेश्वर ध्रुव, रामचरण दीवान, कमलेश बघेल, छगन दीवान, प्रहलाद मेश्राम, नरेश साहू, मनोहर लाल साहू, लुकेंद्र श्रीवास,तीजू रात्रे,खेमसिंग ध्रुव,कोमल नारायण कंवर, होरीलाल ढीढी,सहित टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक इकाई फिंगेश्वर के शिक्षक उपस्थित थे।

## मूक जानवरों के लिये भी पानी की व्यवस्था करें: शर्मा

### विश्व जल दिवस पर प्राथमिक शाला खट्टी में कार्यक्रम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 23 मार्च।** पानी हमारे जीवन के लिये बहुत ही महत्त्वपूर्ण है , जल है तो कल है हमें आज संकल्प लेना चाहिये कि हम पानी का दुरुपयोग नहीं करेंगे और दुसरे भी ना करे इसके लिये प्रेरित करे साथ ही हमेशा साफ पेयजल का प्रयोग करें, गर्मी के मौसम को देखते हुये मूक जानवरों जैसे गाय, बैल, भैंस, पक्षी , कुत्ते आदि के लिये भी पानी की व्यवस्था करें ताकि उन्हें भी गर्मी से राहत मिल सके। उक्त बातें आज शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में विश्व जल दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान पाठक गिरीश शर्मा ने कही। उन्होंने बच्चों को बताया कि विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है , इस दिन को वार्षिक कार्यक्रम के रूप में मनाने का निर्णय लिया इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच में जल संरक्षण का महत्व साफ पीने योग्य जल का महत्व आदि बताना था। 1993 में पहली बार विश्व जल दिवस मनाया गया था । हमे हमेशा स्वच्छ पेयजल का प्रयोग करना चाहिये। गर्मी का दिन आ रहा है पानी की समस्या ना आये इसके लिये जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दे। इस अवसर पर सहायक शिक्षक नारायण चंद्राकर, विद्यार्थीगण गोपाल ध्रुव, कु. अनुष्का ध्रुव, कु.सुहानी निषाद एवं डिगेश्वर ध्रुव ने भी स्वच्छ पेयजल, जल संरक्षण एवं पानी के महत्व पर अपनी बातें रखी।

### मतदाता जागरूकता के तहत फोटोग्राफी, चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिता 5 अप्रैल तक

**गरियाबंद, 23 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन''चुनाव का पर्व - देश का गर्व'' मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में फोटोग्राफी, चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 05 अप्रैल तक किया जा रहा है। प्रतिभागी स्वीप गरियाबंद एड-द-रेट जीमेल डॉट कॉम पर अपनी प्रविष्ठियां नाम, पता एवं मोबाईल नम्बर के साथ ईमेल कर सकते है। प्रतियोगिता का थीम मतदाता जागरूकता रखा गया है। इनमें से चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। जिला निर्वाचन कार्यालय ने इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और अपनी प्रतिभा के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की है। इसके लिए प्रतिभागी एक बार ही प्रतिभागिता कर सकेंगे। प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 5 अप्रैल निर्धारित है। इस प्रतियोगिता में सिर्फ गरियाबंद जिले के सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के लिए जिला स्वीप समिति का निर्णय ही अंतिम और सर्वमान्य होगा। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्ठियां उच्च गुणवत्ता के साथ ई मेल करना होगा।

## कलेक्टर ने किया जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण



**बीजापुर, 23 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अन्तर्गत जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण किया। उक्त प्रयोगशाला जो कि 11 पैरामीटर में एनएबीएल सत्यापित है। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने समस्त टेस्टिंग के पैरामीटर के विषय में जानकारी लेकर स्वयं की उपस्थिति में पीएच वैल्यू का परीक्षण कराया पैरामीटर का लैब कर्मचारियों द्वारा जल परीक्षण करके दिखाया गया। कलेक्टर ने परीक्षण रिर्पोट, परीक्षण शुल्क की पंजी सहित आवश्यक दस्तावेजों का निरीक्षण करते हुए प्रयोगशाला के विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान केमिस्ट सुश्री सपना मंडल, अजय कुमार देशमुख कोऑर्डिनेटर वाटर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अन्तर्गत जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण किया। उक्त प्रयोगशाला जो कि 11 पैरामीटर में एनएबीएल सत्यापित है। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने समस्त टेस्टिंग के पैरामीटर के विषय में जानकारी लेकर स्वयं की उपस्थिति में पीएच वैल्यू का परीक्षण कराया पैरामीटर का लैब कर्मचारियों द्वारा जल परीक्षण करके दिखाया गया। कलेक्टर ने परीक्षण रिर्पोट, परीक्षण शुल्क की पंजी सहित आवश्यक दस्तावेजों का निरीक्षण करते हुए प्रयोगशाला के विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान केमिस्ट सुश्री सपना मंडल, अजय कुमार देशमुख कोऑर्डिनेटर वाटर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## आधी रात को भीषण आग



**भिलाई, 23 मार्च।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र रावणभाठा घनी आबादी में स्थित एक फर्नीचर फैक्ट्री में आधी रात को भीषण आग लग गई वहीं अल सुबह आकाश गंगा स्थित एन सोनी चश्मा-टोपी दुकान में आग लग गई सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दोनों घटनाओं में आग बुझा लिया, लेकिन दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया दुर्ग जिला अग्निशमन अधिकारी कमांडेंट नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि भिलाई के सुपेला रावणभाठा में रात करीब 3.30 बजे घनी आबादी के बीच स्थित एक फर्नीचर फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना पाकर सुपेला थाना के पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची फायर फाइटरों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में सफल रहे यह फर्नीचर फैक्ट्री बसंत विश्वकर्मा का बताया जाता है। फर्नीचर बनाने के लिए यहां रखे लकड़ी फोम जलकर खाक हो गए। बताया जाता है कि यहां कुछ केमिकल भी रखे हुए थे जो फर्नीचर में काम आते है जिसके कारण आग और तेजी से फैल गई यह आग कैसे लगी इसकी जानकारी अभी नहीं हो पाई है फिलहाल जांच जारी

टला बड़ा हादसा, घनी बस्ती की ओर जा सकती थी आग जिस फर्नीचर फैक्ट्री में आग लगी वह घनी आबादी के बीच स्थित है। सभी घर एक दूसरे से लगे हुए हैं। साथ ही यहां कई पुस्तक दुकानें भी मौजूद है अगर यह आग फैलती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था फर्नीचर फैक्ट्री के बाहर उसके संचालक का कोई कांटेक्ट नंबर भी नहीं लिखा था जिसके कारण लोगों को सूचना देने में भी परेशानी हुई टोपी चश्मा दुकान में अल सुबह लगी आग सुपेला आकाशगंगा स्थित एन सोनी चश्मा दुकान में शनिवार सुबह 6.31 बजे आग लग गई। जिसमें टोपी, चश्मा, रुमाल स्कार्फ, परफ्यूम, चैन, कान की बाली आदि दुकान में रखा पूरा सामान जल गया। फायरल दल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। दल ने बड़ी सावधानी से आग से भरे दुकान के अंदर घुसकर सिलेंडरों को बाहर निकाला।

## कांक्रीट बोल्डर से प्रहार कर मौत के घाट उतारा





**भिलाई, 23 मार्च।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र आमापारा में एक युवक के सिर को कांक्रीट बोल्डर से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया पुलिस के मुताबिक मोबाइल चोरी करने के आरोप में विवाद हुआ विवाद इतना भयानक रुप लिया कि आरोपी ने सिर पर कांक्रीट बोल्डर पटक कर उसकी हत्या कर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को मॉर्च्युरी भेजा पुलिस ने चंद घंटों में ही आरोपी गणेश यादव को गिरफ्तार कर लिया मोहन नगर प्रशिक्षु डीएसपी आकांक्षा पांडेय ने बताया कि घटना आमापारा निवासी आरोपी गणेश यादव (29 वर्ष ) ने राजेश यादव (25 वर्ष ) पर मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाया राजेश ने उसे मोबाइल चोरी करने की बात से इनकार किया इस पर गणेश उसके साथ गाली गलौज करने लगा और तैश में आकर राजेश के सिर पर कांक्रीट बोल्डर पटक दिया। जिससे राजेश जमीन पर धरासाही हो गया इसके बाद गणेश ने उसी बोल्डर से उसके सीने पर कई बार प्रहार कर उसकी हत्या कर दी इसके बाद मौके से भाग गया चंद ही घंटों में पुलिस ने आरोपी गणेश की खोजबीन की और गिरफ्तार कर लिया मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की।

## होली को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं



**भिलाई, 23 मार्च।** भिलाई अंडा थाना में होली त्योहार को लेकर शांतिपूर्ण मनाए जाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुपालन से रोकथाम के उपायों को लेकर थाना अंडा में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में होली पर्व को शांति पूर्वक मनाने के लिए आने वाले सभी गांवों के सरपंचों को थाना अंडा में शांति बैठक के लिए बुलाया गया था। जिसमें अंडा, चिंगरी, विनायकपुर, आमटी, मासाभाठ, निकुम, तिरगा, झोला, रुदा, खाड़ा, भोथली, आलबरस, जजंगिरी, कुथरेल, अछोटी, भानपुरी, मतवारी, चिरपोटी सभी गांवो के सरपंच इस शांति समिति की बैठक में शामिल हुए अंडा टीआई श्रध्दा पाठक ने बताया कि दुर्ग कलेक्टर का आदेश का पालन करे। होली पर्व अच्छे से मनाए, खास तौर पर आगामी त्योहार को शांति व भाइचारे के साथ मनाने पर जोर दिया गया होली के पहले सभी लोग अपने अपने गांव में ग्रामीण बैठक करके होली को शांति पूर्व खेले और किसी के ऊपर रंग गुलाल जबरदस्ती ना लगाये गाड़ी पर तीन सवारी नही चले मुखौटे का उपयोग न करें।

## मोटरसाइकिल ट्रक से टकराई सिपाही की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 23 मार्च।** देर रात लगभग बजे सिटी कोतवाली में पदस्थ सुनील कुमार यादव नामक सिपाही अपने गांव से ड्यूटी करने गरियाबंद आते समय बीच रोड में खड़ी ट्रक जिसकी ईन्डीकेटर लाइट बंद थी जिससे टकरा जाने के कारण उक्त 33 वर्षीया सिपाही की मौत हो गई परिजनों को सूचना के बाद लाश पीएम हेतु मचकुरी में रखा गया है गरियाबंद सिटी कोतवाली में पदस्थ सिपाही सुनील कुमार यादव जो गरियाबंद मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम नागझर मे निवासरत था बीती रात ड्यूटी करने गरियाबंद आते समय रात को बिच रोड मे खडी ट्रक जिसकी इंडिकेटर लाइट बंद थी उक्त सिपाही अपनी मोटरसाइकिल से हेलमेट पहना हुआ आ रहा था इस ट्रक से टकरा गया जाता सूचना देने पर मौके पर एंबुलेंस ने पहुंचकर उक्त सिपाही को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसके परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया ।उक्त घटना की सूचना के साथ ही पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौका पर पहुंचकर उनके परिजनों को सूचित किया । परिजनों के आगमन के बाद उसे कल पोस्टमार्टम हेतु मचकुरी में रखा गया है कल प्रातः उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उक्त प्रकरण पर एसडीओपी का कहना है कि उक्त सिपाही के मौत पर अपराध दर्ज कर लिया गया है कल पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

### सीएमएचओ चंद्रवंशी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**रायगढ़, 23 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.वी.के.चंद्रवंशी ने आज किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के मेल एवं फिमेल सर्जिकल वार्ड, बर्न वार्ड, कैजुअल्टी वार्ड, आई वार्ड तथा ओपीडी का निरीक्षण किया तथा दवाईयों के स्टॉक का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में रोगियों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी नहीं हो, अस्पताल में डॉक्टर और दवा सब कुछ समय पर उपलब्ध हों। उन्होंने वार्डों में भर्ती रोगियों से मिलकर उनके कुशलता पूछने के साथ ही अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया।

## 3 गाड़ियों से 11.54 लाख रु. जब्त खरसिया पुलिस ने की कार्रवाई

■ फील्ड पर पुलिस और इंफोर्समेंट एजेंसीज की टीमें सक्रिय, जांच अभियान जारी



**रायगढ़, 23 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए लागू आचार संहिता के बीच रायगढ़ जिले में आज एसडीओपी खरसिया, आईपीएस श्री आकाश श्रीश्रीमाल एवं उनकी टीम द्वारा वाहनों की जांच के दौरान करीब 11 लाख 54 हजार रुपए धनराशि जप्त की गई है। एसडीओपी खरसिया श्री आकाश श्री श्रीमाल से प्राप्त जानकारी अनुसार आज शाम जांच के दौरान 3 अलग अलग वाहनों से ये धनराशि जप्त की गई है। इसमें एक गाड़ी से 5 लाख रुपए, अन्य दूसरी गाड़ी से 3 लाख 50 हजार रुपए जप्त किए गए। वहीं एक अन्य गाड़ी से 3 लाख 4 हजार 693 रुपए मिले। वाहन चालकों से जब धनराशि के बारे में जानकारी मांगी गई, तो वे इसके संबंध में कोई दस्तावेज या जानकारी प्रस्तुत नही कर सके। जिसके पश्चात पुलिस टीम के द्वारा राशि को जप्त कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से जिले में चौकसी बढ़ा दी गई है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सभी इंफोर्समेंट एजेंसीज के अधिकारियों को लगातार जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए हुए हैं। एसपी श्री दिव्यांग पटेल ने पुलिस की टीमों को सघन जांच के लिए निर्देशित किया है। पुलिस के साथ दूसरी जांच एजेंसियों की टीम्स भी फील्ड पर सक्रिय हैं। नगदी एवं अन्य सामग्री के अवैध परिवहन पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## एक नजर

### देशी शराब की बोतल से निकला मरा हुआ कॉकरोच, सेल्समैन ने कहा-छानकर पी लो

**बलौदाबाजार, 23 मार्च।** बलौदाबाजार के ग्राम अर्जुनी में शासन द्वारा संचालित शासकीय शराब दुकान से लापरवाही का मामला सामने आया है। जहां पर शराब दुकान में शराब के साथ कॉकरोच, केंचुए और कीड़े तक गटकने पड़ रहे हैं। ऐसा पीनेवाले नहीं कह रहे बल्कि, आबकारी विभाग और प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा नियुक्त सेल्समैन कह रहे हैं। दरअसल, शासकीय शराब दुकान में ग्राम अर्जुनी के एक ग्राहक ने देशी शराब दुकान से तीन देशी मसाला पाव खरीदा जिसमें से एक शीलबंद शीशी के अंदर कुछ कीड़ानुमा सा दिखा। इस पर ग्राहक ने सेल्समैन से दूसरी शीशी मांगी तो वहां मौजूद सेल्समैन ने एक स्वर में कहा की शराब छानकर पी लो।

**शीशी खोला तो मरा हुआ कॉकरोच पाया:** जब ग्राहक ने शीशी का ढक्कन खोला तो शीशी में मरा हुआ कॉकरोच पाया गया। जब उसने दोबारा से शीशी बदलकर देने की मांग की तो सेल्समैन ने मना कर दिया। इस पर ग्राहकों ने शराब बेचने वालों के खिलाफरोष जताया। इतना ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल कर दी।

### होली पर्व और लोस चुनाव के मद्देनजर कोतवाली में शांति समिति की बैठक

**कोरबा 23 मार्च।** कोरबा अंचल के थाना कोतवाली परिसर में जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली की अध्यक्षता में आगामी होली पर्व और लोकसभा चुनाव के मध्य नजर शांति समिति की बैठक ली गई। बैठक में व्यापारी संघ इतवारी बाजार, सराफा संघ, होली सामान विक्रेता एवं थाना कोतवाली क्षेत्र के सभी पार्षद गणों की बैठक ली गई। मुखौटा व नुकसान दायक रंग नहीं बेचने, होली उत्सव के दौरान नागरिक गण अपने सुने मकान को छोड़कर अपने पुश्तैनी गांव शहर जाने के समय किसी प्रकार का बहुमूल्य आभूषण सोना, चांदी संपत्ति सुने घर में छोड़कर नहीं जाने हेतु समझाइस दी गयी। सराफा व्यापारियों को सीसीटीवी कैमरा लगाने संबंधी समझाइस दी गयी। बैठक में पार्षद रवि चंदेल, संतोष राठौड़, संतोष लांजेकर, सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, धरम निर्मले, श्रीमती धनश्री अजय साहू, सुफल दास सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष जयकुमार सोनी ऑटो संघ के अध्यक्ष बृजेश सिंह ठाकुर इतवारी बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल कलवानी, अनीश मेमन, श्याम दास, उमाशंकर अरोड़ा आदि उपस्थित थे। साथ ही होली त्यौहार के पावन पर्व पर सभी धर्म समाज के गणमान्य नागरिकों पार्षद गणों की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में शांतिपूर्ण एवं समय पर होलिका दहन करने, सौहाद्र पूर्ण होली का त्यौहार मनाने, जबरदस्ती किसी को रंग ना लगाने, होली में मादक पदार्थो का सेवनकर नशे में तीन सवारी वाहन न चलाने, किसी प्रकार के हुड़दंग ना करने, शांतिपूर्ण होली का त्यौहार मनाने की अपील की गई। शांति समिति बैठक में थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और पार्षद गण उपस्थित हुए।

# महतारी वंदन योजना : आचार संहिता हटने तक वंचितों को करनी होगी प्रतीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सोनाखान, 23 मार्च।** प्रदेश में महतारी वंदन योजना से वंचित महिलाओं को आवेदन करने के लिए अब करीब 3 माह का इंतजार करना पड़ेगा। लोकसभा चुनाव के बाद आचार संहिता हटने के बाद ही नए आवेदन लिए जाएंगे। योजना की पहली किस्त का लाभ लेने वाली महिलाओं के लिए खुशखबरी यह है कि हर महीने योजना की किस्त की राशि का एक हजार रूपए मिलेगा।

आचार संहिता का योजना की किस्त पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, हालांकि योजना से जुड़े प्रशासकीय सूत्रों का कहना है कि किस्त जारी करने के लिए विभाग को चुनाव आयोग से मंजूरी लेनी पड़ेगी। इसके बाद ही अगले माह की किस्त संभव है। दरअसल लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगते ही महतारी वंदन योजना को लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए थे। अगले माह की किस्त को लेकर भी लोगों के मन में भ्रम पैदा होने लगा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्च को महतारी वंदन योजना का शुभारंभ किया था। राज्य में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किया गया था। प्रदेश की 68 लाख 53 हजार महिलाओं के खाते में 636 दशमलव 44 करोड़ रूपये का भुगतान पहली किस्त के रूप में किया गया था। योजना के तहत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह की दर से वर्ष में 12 हजार रूपए बैंक खातों में अंतरित किए जाएंगे।

### आवेदन के दौरान गलत खाता नंबर दिए गए

महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने के लिए महिला बाल विकास विभाग की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। पहली किस्त के लिए आवेदन देने और अंतिम सूची में नाम होने के बावजूद राशि से वंचित महिलाओं के खातों की जांच की जा रही है। मोबाइल नंबर और आधार कार्ड से मिलान कर राशि जारी करने का प्रयास किया जा रहा है। योजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि बहुत सी महिला ने खाता नंबर तो दिया है लेकिन उनका आधार लिंक किसी दूसरे खाते से है। कुछ महिलाओं ने काफी पुराना खाता नंबर दिया है जो आधार से लिंक ही नहीं है।

### सिमगा थाना में प्रशासन और पुलिस ने ली शांति समिति की बैठक

# हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की नजर, होगी कड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 23 मार्च।** मुखौटा, तेज अवाज वाले भोपु बजने वाले पर करवाई आदर्श आचार संहिता का करे पालन, डीजे संचालको को दी गयी समझाइस लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागु हो गया है व रंगो का त्योहार होली पर्व को धुमधाम से शांति पूर्वक मनाये जाने को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा शांति समिति बैठक थाना प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें होली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए चर्चा एवं सुझाव मांगा गया। व्यवस्था को दुरूस्त रखने की बात कहे।

सिमगा एसडीएम अंशुल वर्मा और तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, थाना प्रभारी गोपाल धुर्वे ने जनप्रतिनिधियों, व्यापारी, नगरवासी पत्रकारो की उपस्थिति में हुआ। बैठक में होली पर्व शांति से मनाने से संबंधित चर्चा किया गया जिसमें तीन सवारी बाईक व तेज अवाज से हार्न व भोपु बजाने, मुखौटा पहनने, शराब पीकर हुडदंग करने के खिलाफ कार्यवाही किया जायेगा, किसी के उपर जबरन रंग न लगाये। होली का त्यौहार माया जाय, सार्वजनिक संपत्ति को किसी प्रकार से नुकसान पहुँचाना अपराध है जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि होलिका दहन के पूर्व ही वार्ड प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधी अपने मोहल्लेवासीयों से होली शांति से मनाने की अपील कर दें पुलिस शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान करे।

सिमगा थाना प्रभारी गोपाल धुर्वे ने कहा महिलाओं एवं लड़कीयों के उपर रंग डालना व जबरदस्ती रंग लगाने के बहाने छेड़छाड करने वाले के विरूद्ध अपराध कायम कर कार्यवाही की जायेगी। तेज गति से वाहन न चलाये जिससे दुर्धटना की आशंका हो तीन सवारी पर कडी कार्यवाही किया जायेगा तेज अवाज से हार्न का उपयोग न करे की बात कहे। बैठक के द्वारा डीजे संचालको को भी विशेष समझाइस दिया गया कि आदर्श आचार संहिता लागु है बिना परमिशन के डीजे ना चलाये व समय का विशेष ध्यान रखे। सिमगा एसडीएम अंशुल वर्मा ने कहा की दुर्धटना से बचने के लिए पुलिस। बदमाशों की धरपकड़ किया जायेगा। पुलिस के द्वारा पूरे सिमगा एवं आसपास के क्षेत्रों में गश्त किया जायेगा। नगर पंचायत की फायर ब्रिगेड, पानी टेंकर की भी व्यवस्था किया जएगा।

अगर किसी प्रकार के हुडदंग करते पाये गये तो उनके खिलाफ सक्त कार्यवाही किया जायेगा तथा जनप्रतिनिधियों से भी कहा गया कि हुडदंगियों का किसी भी प्रकार से साथ न देवे। पुरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए क्षेत्रवासियां, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों से सहयोग मांगे। शांति बनाए रखने के लिए सभी लोगों का सहयोग अपने घर वह पड़ोसियों और रिश्तेदारों को समझाइए देने की कोशिश की जाए की तीन सवारी गाड़ी ना चलाएं लड़ाई झगड़े से दूर रहे अगर किसी अनुमति के किसी को रंग गुलाल ना लगे और किसी से छेड़छाड़ ना करें वायलेंस से दूर रहे सिमगा शांति समिति की बैठक में शामिल हुए लोगों में बोहरन ताम्रकार अमृत पंजवानी भागवत सोनकर नगर पंचायत सिमगा अध्यक्ष अयूब खान किसान नेता अब्दुल रहमान नूर अली यूनुस कुरैशी टीटू भाटिया शांति समिति की बैठक लेने टी आई गोपाल ध्रुव एस डी एम अंशुल वर्मा तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा सीएमओ नगर पंचायत सिमगा यशवंत वर्मा ने शांति समिति की बैठक ली सभी मीडिया प्रभारी वह पत्रकारगढ़ शामिल होकर शांति समिति की बैठक को संपन्न किया।

# राजस्व विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा भूमिस्वामी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 23 मार्च।** राजस्व विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों ने भूमिस्वामी के भूमि में बड़ा खेला कर दिया है उनके भूमि की नक्शा को छोटा कर दिया है जिससे भूमि स्वामी को करीब 7.5 डिसमिस जमीन की घाटे का सौदा करना पड़ रहा है जिसको लेकर भूमि स्वामी राजस्व न्यायालय में आवेदन दिए थे जिसमें राजस्व न्यायालय ने भूमिस्वामी को जारी किए आदेश में उक्त भूमि में त्रुटिपूर्ण होने से नक्शा छोटा होने का उल्लेख किया है साथ ही राजस्व न्यायालय ने पारित आदेश में उक्त भूमि की नक्शा सुधार करने पर ग्राम की रकबा प्रभावित होने का भी जिक्र किया है लेकिन वहीं ग्राम सुपेला निवासी नंदलाल देवांगन पिता निहाली का कहना है कि ग्राम सुपेला में मेरे नाम से ग्राम सुपेला में खसरा क्रमांक - 260/1,260/2 व 260/3 में भूमि स्तिथ है जो पुराने रिकॉर्ड में रकबा 0.13/0.53 एकड़ भूमि है लेकिन राजस्व विभाग के लापरवाही के चलते मेरे बिना अनुमति खसरा क्रमांक 260/1,260/2,260/3 की भूमि की नक्शा को छोटा कर दिया है जिसके चलते अपने हक से वंचित हो रहा है जिसके उचित न्याय पाने के लिए राजस्व न्यायालय में आवेदन किया गया था लेकिन राजस्व न्यायालय ने नक्शा में त्रुटि बात कर खारिज कर दिया जिसके चलते वह अपने स्वयं की भूमि को सही साबित के लिए दर-दर भटक रहा है नंदलाल देवांगन ने शासन प्रशासन से उचित न्याय की मांग कर नए सिरे से जांच कर अपने पुराने नक्शे के अनुसार भूमि की मांग की है।




**Change Name**

It is inform to the general public that I Shyla Singh resident of Qr. no. 16/A Street 7 sector 1 Bhilai District Durg Chhattisgarh. change my old name Mabel Shyla W/o Jeya Singh. so in future I should the recognizsed by my new name that is Shyla Singh W/o Jaya Singh in all government and other documents.

**Shyla Singh**
**Sec.1 St. 7 Bhilai**
**Dist - Durg (C.G.)**

**Change Name**

It is inform to the general Public that I Ayshin Jaya Singh S/o Jaya Singh resident of Qr. no. 16/A street 7 sector 1 Bhilai District Durg Chhattisgarh. have change my old name Ayshin S/o Jeya Singh. So in future I Should be recognized by my new name that is Ayshin Jaya Singh S/o Jaya Singh in all Government and other documents.

**Ayshin Jaya Singh**
**Sec.1 St. 7 Bhilai**
**Dist - Durg (C.G.)**

**Change Name**

It is informal to the general public that I Jaya Singh S/o Satya Das Singh. Resident of Qr. no. 16/A, St.7 Sector 1 Bhilai District Durg Chhattisgarh. have change my old name Jeya Singh S/o Satya Das Singh. in future I should be recognized by my new name that is Jaya Singh S/o Satya Das Singh in all government and other documents.

**Jaya Singh**
**Sec.1 St. 7 Bhilai**
**Dist - Durg (C.G.)**


# सृजन अभियान: बनगबौद व लवन में किया गया भारत माता वाहिनी का गठन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 मार्च।** अभियान सृजन के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी निरीक्षक केसर पराग के नेतृत्व में ग्राम बनगबौद में 21 मार्च को चलित थाना लगाकर लोगो को शराब, गांजा, गुटखा, तम्बाखू आदि जैसे नशे से दूर रहने के संबंध में जानकारी दिया गया एवं आवश्यक समझाईश दिया गया। नशा समाज को कई तरह से नुकसान पहुंचाती है एवं कई परिवार इससे बर्बाद हो जाती है तथा चोरी, लूट, हत्या जैसे गंभीर अपराध के लिए सिर्फ नशा जिम्मेदार होती है इसलिए नशा के खिलाफ लोगो को जागरूक कर एक बेहतर समाज बनाने के लिए अभियान सृजन अंतर्गत पुलिस द्वारा इस तरह कार्य लगातार जारी है तथा ग्राम बनगबौद एवं नगर पंचायत लवन में नशा मुक्त समाज बनाने में पुलिस का सहयोग के लिए आगे आये महिलाओं का भारत माता वाहनी का गठन किया गया है।

# एसडीएम ने ली शांति समिति की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 23 मार्च।** होली का त्योहार 25 मार्च को मनाया जाएगा. वहीं तिल्दा एसडीएम प्रकाश टंडन और नेवरा थाना प्रभारी जितेंद्र एसैया ने इस वर्ष होली पर्व को लेकर स्पष्ट कर दिया है कि, इस बार अगर किसी ने होली त्यौहार पर मुखौटा पहना तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की ह्वजाएगी. क्योंकि होली पर्व पर आपराधिक गतिविधियां भी बढ़ जाते है, कुछ आपराधिक किस्म के लोग होली त्योहार को अवसर मानकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते है. वहीं होली की आड़ में मुखौटा पहन कर अपनी पहचान छिपाकर आसानी से अपराध करते है और बचकर निकल जाते है. यही वजह है, कि पुलिस ने मुखौटे की बिक्री करने के साथ ही उसे पहनने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

थाना नेवरा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें उपस्थित लोगों को होली पर्व को शांतिपूर्ण मनवाने के लिए समझाइए दी गई साथ ही बैठक समापन के दौरान एसडीएम प्रकाश टंडन थाना प्रभारी जितेंद्र नगर भ्रमण के लिए निकले जिस दौरान होली पर्व की सामग्री बिक्री करने वाली दुकानदारों को मुखौटा एवं चाइनीज रंगों की बिक्री नहीं करने की समझाइए दी गई।


**कार्यालय-राजस्व निरीक्षक मंडल जामुल तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग**

**आम सूचना**

**विषय: सीमांकन बावत्।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार महोदय भिलाई के रा.प्र.क्र. 202403101600056/अ-121 दिनांक 13/03/2024 के पालन में ग्राम जामुल प.ह.नं. 01 भूमि स्वामी श्री अब्दुल राउफ सैय्यद पिता स्व. नवाब अली निवासी जामुल द्वारा आवेदित ग्राम जामुल स्थित भूमि प्लाट नं. 29 खसरा नंबर 109/23 रकबा 0.009 हे. जिसकी सीमा उत्तर में राजाराव प्लाट नं. 28 दक्षिण में रास्ता पूर्व में प्लाट नं. 29 का भाग पश्चिम विक्रेता की बचत भूमि प्लाट नं. 30 है। का स्थल निरीक्षक दिनांक 03/04/2024 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 12.00 बजे किया जावेगा।

कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैद्य दस्तावेज नक्शा, उत्तरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी।

**राजस्व निरीक्षक**
मुहर **जामुल**

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202403140400025/ अ-6/2023-24

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुंती यादव पति स्व. राजू यादव निवासी मांझापारा कांकेर के द्वारा मोहल्ला मांझापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नंबर 13 ए, प्लाट नं. 49/1, क्षेत्रफल 79 वर्गमीटर, पक्का मकान, वार्षिक भू-भाटक 21.11 रु. राजू पि. घसिया यादव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। खातेदार राजू यादव की मृत्यु दिनांक 04.03.2015 को हो चुकी है। मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर विधिक वारिस का नाम दर्ज करने इस न्यायालय में भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी ।

आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

**नजूल अधिकारी**
मुहर **उत्तर बस्तर कांकेर**


### आदर्श प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज का किया गया आयोजन

# ऐसे आयोजनों से मध्यान्ह भोजन वाले विद्यालयों की संख्या बढ़ेगी: प्राचार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 23 मार्च।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विद्यालय मै न्योता भोज का आयोजन किया गया अतिथियों को कुमकुम लगाकर बुके देकर विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया जिसने विकास खंड शिक्षा अधिकारी एसके गेंदले संकुल प्राचार्य आशीष शर्मा संकुल समन्वयक सत्यवर्त मिश्रा जनभागीदारी के सदस्य पुरुषोत्तम पाटकर रेशम लाल गैडरे कुशुम सिंग अनिमा श्रीवास्तव मानिकपुरी मेडम दिव्या तंबोली उपस्थित रहे अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर भोग लगाकर भोज का आयोजन किया विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा पूरक पोषण आहार का वितरण किया गया जिसमे चांवल खीर पूड़ी छोले की सब्जी दाल कढ़ी जलेबी केला अंगूर पापड़ अचार सलाद परोसा गया जेवरा के शिक्षक पुस्कर भोसले व्याख्याता द्वारा अपने बहन के जन्म दिन के अवसर पर छात्रों को खीर का वितरण किया। एसके गेदले ने इस आयोजन मै जन प्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारी विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों को विद्यालय मै न्योता भोजन कराने के लिए आगे आने को कहा संकुल प्राचार्य आशीष शर्मा ने कहा ऐसे आयोजन कराने से मध्यान्ह भोजन करने वालों की संख्या विद्यालय मै बढ़ेगी विद्यालय से राजवर्धन भोसले शेषणारायण ध्रुव राजा कटारे मनीषा पांडे स्वप्निल महेश्वरी नजमुन निशा शाह श्रद्धा ताम्रकार संगीता श्रीवास्तव उत्तम जांगड़े नितेश साहू खेमीन ध्रुव काजल सोनकर उपस्थिति रहे।

### अमृत सागर महिला स्व सहायता समूह अध्यक्ष ने कराया नेवता भोज

**सिमगा, 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड सिमगा के संकुल स्त्रोत केन्द्र चौरेंगा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदेरी में 21 मार्च को न्योता भोज का आयोजन कराया गया। यह भोज ग्राम पंचायत चंदेरी के अमृत सागर महिला स्वसहायता समूह व शाला के समस्त शिक्षक के सहयोग से आयोजित किया गया।इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर शिवकुमार गेंदले ने मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देश प्रदान किए। न्योता भोज में खीर, पुडी, केला, अंगूर, भजिया, जलेबी, आचार, पापड़, बड़ा एवं सलाद वितरण किया गया जिसमें 86 बच्चे लाभान्वित हुए। इस भोज में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस. के. गेंदले, ग्राम सरपंच विशालदास मानिकपुरी, संकुल प्रभारी आर.के.ध्रुव (संकुल केंद्र-बनसंकरा), संकुल समन्वयक रोशन साहू एवं संस्था के प्रधानपाठक गणेश राम सेन व अन्य संस्था के शिक्षकगण भी उपस्थिति हुए। तत्पश्चात संकुल समन्वयक रोशन साहू द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों व स्वसहायता समूह का आभार प्रगट किया गया एवं उपस्थित शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में इस प्रकार के आयोजन करते रहने हेतु आवश्यक सुझाव सह दिशानिर्देश प्रदान किया गया।



## एक नजर

### बेटी बचाओ मंच ने किया फागुनी गीत का आयोजन



**रायपुर 23मार्च।** बेटी बचाओ मंच विप्र नगर की ओर से श्रद्धा सदन में देवी महिमा भजन तथा फागुनी गीत का संगीतमय आयोजन किया गया। मंच के पदाधिकारियों ने संगीतमय धुन पर ढोलक , मंजीरा, खंजरी के साथ टीका सहित आयोजन को प्रस्तुत किया । वहीं फूलों की पंखुड़ी के साथ थिरकते महिलाओं ने आयोजन को सफल बनाया । साथ ही देवी आरती कर प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा , विप्र नगर अध्यक्ष शशि यादव , नमिता डडसेना, रश्मि कश्यप , श्रद्धा उपाध्याय, मुन्नी साहू , गायत्री तिवारी, सीमा कश्यप, रिंकी हरिनखेड़े, भावना ग्वाल, लीना सिन्हा आदि।

### जीएसटी सरलीकरण एवं युक्तियुक्तकरण हेतु सुझाव



**रायपुर 23 मार्च।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर में इज ऑफ डुईंग बिजनेस के तहत जीएसटी सरलीकरण एवं युक्तियुक्तकरण के सम्बन्ध में बैठक रखी गई थी जहाँ व्यापारिक- औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों से प्राप्त सुझावों को लेकर प्रदेश चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने श्री रजत बंसल जी, राज्य जीएसटी आयुक्त से मुलाकात कर जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा । चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी जी ने बताया कि आज प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के सम्बंध में तथा जीएसटी के सरलीकरण एवं युक्तियुक्त करण करने हेतु श्री रजत बंसल जी को ज्ञापन सौंपा।

### सुबह की सैर पर निकले लोगों से विकास ने मांगा वोट



**रायपुर 23 मार्च।** रायपुर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय आज सुबह रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शंकर नगर में अपने चुनाव का प्रचार-प्रसार करने पहुँचे जहाँ सुबह के सैर पर निकले नागरिकों से उनकी शुरूआत हुई। विकास उपाध्याय ने वहाँ पर आमजनों से मिलकर कांग्रेस को वोट देने की अपील भी की। वे लगातार क्षेत्र के आमजनों से मिलकर रायपुर लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने लोगों का आशीर्वाद भी ले रहे हैं। आगामी दिनों रंगों का मुख्य त्यौहार ''होली'' सामने है ऐसे में विकास उपाध्याय से मिल रहे नागरिकों ने अपना स्नेह व प्यार सुखी होली के माध्यम से दिया। इसके बाद विकास उपाध्याय ने भी वरिष्ठजनों को रंग लगाकर उनसे आशीर्वाद के रूप में वोट करने की अपील की।

### भाजपा प्रत्याशी केवल ग्लेमर दिखा कर वोट लेते हैं: कन्हैया

**रायपुर 23 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व रायपुर लोकसभा के समन्वयक कन्हैया अग्रवाल ने रायपुर लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय की जीत का दावा करते हुए कहा कि भाजपा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को अपने ही घर रायपुर दक्षिण में करारी हार का सामना करना पड़ेगा । भाजपा प्रत्याशी केवल ग्लेमर दिखा कर वोट लेते हैं, चुनाव जितने के बाद क्षेत्र की जनता उनसे मिलने आठ किलोमीटर दूर जाती हैं जहाँ घंटो इंतजार के बाद निराशा हाथ लगती है । रायपुर दक्षिण के मतदाता सरकार बनने के 100 दिन के अंदर अपने विधायक- मंत्री की कार्यशैली से नाराज हो चुके हैं , 100 दिनों के कार्यकाल में क्षेत्र की जनता तो दूर उनके अपने कार्यकर्ता घंटो इंतजार के बाद निराश हो रहे हैं । उन्होंने कहा कि रायपुर दक्षिण की जनता ने बृजमोहन अग्रवाल को जिस उम्मीद और विश्वास के साथ अपना विधायक बनाया था विधायक ने उनकी उम्मीद और विश्वास को तोड़ा है ,इसलिए क्षेत्र की जनता मतदान के माध्यम से अपना विरोध दर्शा कर अपना बदला लेगी... लोकसभा समन्वयक श्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार बनने के 03 महीने में ही छत्तीसगढ़ की राजधानी की शांत फिजा अपराधपुर में परिवर्तित होती जा रही है । कोई दिन ऐसा नहीं बीत रहा है जब रायपुर में चाकूबाजी, लूट,चेन स्केचिंग, हत्या, हत्या का प्रयास,चोरी, डकैती इस तरह की गंभीर वारदात नहीं हो रही हो ।

# चुनाव कार्यालय अतिक्रमित भूमि, अस्पताल, धार्मिक भवनों में खोलना नियम विरुद्ध

■ प्राइवेट प्लेन, हेलीकॉप्टर, आमसभा, रैली, रोड शो के लिए लेनी होगी अनुमति

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 23 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के पश्चात आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव प्रचार के लिए प्राइवेट प्लेन, हेलीकाप्टर, आमसभा, रैली, रोड शो एवं प्रचार में प्रयुक्त होने वाले वाहनों के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा दो करोड़ से अधिक नकदी तथा अन्य सामान जब्त किए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के चुनाव के लिए बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन चल रहा है। द्वितीय चरण में कुल तीन लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव, महासमुंद एवं कांकेर के लिए 28 मार्च को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। तृतीय चरण के लिए 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले के अनुसार राज्य में अब प्रचार के लिए राजनीतिक दलों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले प्राइवेट प्लेन, हेलीकाप्टर, आमसभा, रैली, रोड शो तथा वाहन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकारी खर्च पर विज्ञापन नहीं दिया जा सकेगा। शासकीय खर्च पर लगाए गए सभी होर्डिंग्स हटा दिए गए हैं। निजी संपत्ति के विरूपण के तहत चुनाव की घोषणा के 72 घंटे के भीतर 6 लाख से अधिक बिजली खंबों तथा अन्य स्थानों पर लगे पोस्टर-बैनर हटा दिए गए हैं। पुलिस द्वारा आवश्यक जांच की जा रही है। अभी तक दो करोड़ से अधिक की नकदी तथा अन्य सामान जब्त किए गए हैं। चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति लेनी होगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के अनुसार एक-एक वाहन की अनुमति रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रदाय की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से वीडिया वैन, स्टार प्रचारकों के लिए वाहन, राज्य स्तर के पदाधिकारियों के लिए तीन वाहन, प्रचार सामग्री के वितरण के लिए चार वाहनों की अनुमति दी गई है। शेष सभी वाहन की अनुमति जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा प्रदाय की जाएगी।




**आमसभा, रोड शो, रैली की भी पूर्व अनुमति जरूरी**

राजनीतिक दलों द्वारा आमसभा स्थल के लिए पहले अनापत्ति प्रमाण पत्र संस्था के द्वारा लेना होगा। रात्रि दस बजे के पश्चात सभा का आयोजन प्रतिबंधित होगा। सार्वजनिक स्थलों को पहले से ही जिला प्रशासन द्वारा सूचीबद्ध किया जा चुका है। रैली का मार्ग पूर्व से तय होगा। इसका उल्लेख आवेदन में किया जाएगा। रैली के प्रारंभ और अंत का समय पूर्व से ही निर्धारित होगा। रैली के मार्ग से किसी भी स्थिति में परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए। रैली में किसी तरह के अस्त्र-शस्त्र लेकर चलना प्रतिबंधित होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार रोड शो के लिए भी अनुमति लेनी होगी। इसमें 10 से अधिक वाहनों की दशा में दस वाहनों के बाद 100 मीटर का अंतराल होगा। बच्चों और शालेय छात्र-छात्राओं को रोड शो में शामिल नहीं किया जा सकेगा। लाउडस्पीकर के लिए भी अनुमति लेनी होगी। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अनुमेय डेसीबल के अंतर्गत ही लाउडस्पीकर की अनुमति दी जाएगी। रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लाउडस्पीकर की अनुमति नहीं होगी। धार्मिक भवनों, शैक्षणिक संस्था, अतिक्रमित भूमि पर चुनाव प्रचार कार्यालय नहीं खोले जा सकेंगे। सभी आयोजकों को ऑनलाईन आवेदन देना होगा। पहले आओ पहले पाओ के सिद्धांत पर अनुमति दी जाएगी।

# कंगाले ने मतदान करने लोगों को दिलाई शपथ

**रायपुर 23 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज ज़िला प्रशासन द्वारा रायपुर-कला केंद्र में मतदाता जागरूकता हेतु ÷स्वीप रसरंग÷कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले शामिल हुई। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि खूबसूरत कला केंद्र परिसर में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम से हर्षित महसूस हो रहा है। युवा शक्ति लोकतंत्र की बहुत बड़ी शक्ति है और लोकतंत्र के सम्मान में मतदान आवश्यक है। उन्होंने मोहल्ले, सोसायटी में शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपील करने का आग्रह किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ÷वोट देबर जाबो , चुनई तिहार मनाबो÷ कहते हुए मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान करना देश सेवा की बड़ी जिम्मेदारी है,सभी को नागरिकों को बूथ में पहुंचकर मतदान करना चाहिए।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह ने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की रीढ़ है और शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का आग्रह किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि स्वीप के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही सेल्फी पाइंट में फोटो खींचकर सोशल मीडिया में अपलोड करने वाले और अधिक से अधिक लाइक पाने वाले मतदाताओं को पुरस्कार भी दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन ज़िला प्रशासन , नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी सहित अन्य विभागों ने मिलकर किया ।

इस अवसर पर एसएसपी संतोष सिंह ने आभार जताते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। स्वीप कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग ने आकर्षक प्रस्तुति दी , जिन्हे सम्मानित भी किया गया।शानदार कार्यक्रम रहा। इसके लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारीगण, शहर के एन जी ओ भी उपस्थित थे। लोक कला केंद्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के लिए सेल्फी जोन बनाया गया। जिसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भी फोटो खिचवाई और मतदाताओं के नाम संदेश देते हुए मतदान अवश्य करें की अपील की।

मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में स्वीप खिचड़ी का भी आयोजन किया गया, जो काफी आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि, वरिष्ठ अधिकारियों सहित गणमान्य नागरिकों ने स्वीप खिचड़ी को चखा और इस आयोजन की सरहाना की गई।

मतदाता जागरूकता आधारित कार्यक्रम में कला केंद्र के बच्चों और युवाओं ने शानदार प्रस्तुति दी। गाने, संगीत, नाटक सहित कई प्रस्तुतियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम पश्चात बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मान किया। इस कार्यक्र में शहर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### उत्तर विधानसभा में भाजपा का कार्यालय शुरू

**रायपुर, 23 मार्च (मुख्य नगर संवाददाता)।** उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भाजपा प्रत्याशी का चुनाव कार्यालय शुरू किया जा रहा है। चुनाव प्रचार समिति के प्रमुख लोकेश कावड़िया के अनुसार इस कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। ज्ञात रहे केंद्रीय चुनाव कार्यालय राजभवन के बाजू में स्थित है। भाजपा इस समय चुनाव प्रचार-प्रसार में आगे चल रही है जबकि अभी तक पांच सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय इस समय अभनपुर सहित अन्य क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने लोकसभा के अंतर्गत आने वाले नौ विधानसभा में अलग-अलग लोगों का कमान सौंपी है।

# होली: प्रीमियम रेंज की शराब नहीं मिल पाएगी मदिरा प्रेमियों को

■ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में स्थानांतरण, पदस्थापना, निर्माण कार्यों की फाइलों का लगा अंबार

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 23 मार्च।** राज्य में आचार संहिता लागू होते ही अब स्थानांतरण, पदस्थापना, निर्माण कार्यों एवं नीतिगत निर्णयों पर समस्त निर्णय लेने का अधिकार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पास आ गया है। राज्य में 1 अप्रैल से लागू होने वाली आबकारी नीति के तहत प्रीमियम रेंज की शराब खरीदने का निर्णय लटक गया है। चुनाव आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के पश्चात अब मंत्रियों एवं उनके स्टाफ को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। इस समय शिक्षा, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य तथा वन विभाग में कर्मचारियों के स्थानांतरण एवं नवीन पदस्थापना की सभी फाइलों को अनुमोदन के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भेजा जा रहा है। राज्य में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में प्रथम व द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों के स्थानांतरण की अनुशंसा का अधिकार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दिया गया है। ज्वाइंट सीईओ यूएस अग्रवाल भी यह कार्य देख रहे हैं। वर्तमान में आबकारी विभाग के द्वारा प्रीमियम रेंज की शराब खरीदने के लिए एक महत्वपूर्ण फाइल आयोग को भेजी गई है। ज्ञात रहे पूर्ववर्ती सरकार द्वारा ब्रेवरेज कार्पोरेशन के माध्यम से सिर्फ सीमित कंपनियों से ही शराब खरीदी जाती थी। अब बंगलुरू तथा हैदराबाद, पुणे एवं दिल्ली के ख्यातिनाम कंपनियों की शराब भी खरीदी जाएगी। ज्ञात रहे घटिया शराब मिलने से मदिराप्रेमी परेशान हैं। लोक निर्माण, पंचायत, स्वास्थ्य विभाग में भी नए टेंडर तथा खरीदी संबंधी अन्य फाइलें रोक दी गई है।

**शराब दुकानों में उमड़ी भीड़ :** होली पर्व पर आबकारी विभाग द्वारा शराब की आपूर्ति के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। राजधानी के देशी-विदेशी मदिरा समूह के 62 से अधिक दुकानों में इस समय शराब खरीदने के लिए भारी भीड़ लगी हुई है। राज्य में 6 करोड़ रुपए से अधिक की शराब बिकने का अनुमान है। आबकारी विभाग द्वारा इस समय विभिन्न कंपनियों के एकाधिकार को भी समाप्त किया गया है। केडिया डेलॉन्स समूह के आसावनी में भी छापा मारा गया है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी मोदी की तानाशाही: कांग्रेस



**रायपुर 23 मार्च।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को कांग्रेस ने लोकतंत्र पर प्रहार बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री तानाशाही पर उतर आये है। चुनाव के चलते दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल को इस तरह टार्गेट करना एकदम गलत और असंवैधानिक है। राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना देश के लिये घातक है। अपने आलोचकों से चुनावी रणभूमि में उतरकर लड़िये, उनका डटकर मुक़ाबला करिए, उनकी नीतियों और कार्यशैली पर बेशक हमला करिए - यही लोकतंत्र होता है। मगर इस तरह देश की सारी संस्थाओं की ताकत का अपने राजनीतिक मक़सद को पूरा करने के लिए इस्तेमाल करना, दबाव डालकर उन्हें कमज़ोर करना लोकतंत्र के हर उसूल के ख़िलफ़ है। देश के विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज़ कर दिये गये हैं, तमाम राजनीतिक दलों और उनके नेताओं पर ईडी, सीबीआई, आईटी का दिन रात दबाव है, एक मुख्यमंत्री जेल में डलवा दिये गये हैं, अब दूसरे मुख्यमंत्री को भी जेल ले जाने की तैयारी हो रही है। ऐसा शर्मनाक दृश्य भारत के स्वतंत्र इतिहास में पहली बार देखने को मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सवाल सिर्फ एक अरविंद केजरीवाल या हेमंत सोरेन का नहीं है। जिस प्रकार से विपक्षी दलों के नेताओं को टारगेट किया जा रहा उनको फंसाया जा रहा वह देश के लोकतंत्र को समाप्त करने की साजिश।

# होली मिलन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

■ जिंदगी ना मिलेगी दोबारा ने किया समाज की 11 प्रतिभाओं का सम्मान

**रायपुर 23 मार्च।** शहर की प्रतिष्ठित समाज सेवी संस्था जिंदगी ना मिलेगी दोबारा ने आज विप्र सांस्कृतिक भवन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम , होली मिलन एवम प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पार्षद ज्ञानेश शर्मा थे। अध्यक्षता श्रीमती आभा मिश्रा संरक्षक छतीसगढ चेम्बर्स आफ कामर्स महिला विंग ने की। विशिष्ठ अतिथि श्रीमती पदमा शर्मा संस्थापक कोपलवाणी विशेष स्कूल एवम श्रीमती शीलू लूनिया लेखिका व सामाजिक कार्यकर्ता थीं। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.कामिनी बावनकर असिस्टेंट नोडल ऑफिसर उपस्थित थीं। डॉक्टर बावंनकर ने खेल खेल में महिलाओं को मतदान के लिए जागरूक करते हुए शपथ दिलाई। संस्था की महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



आज के कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष सुषमा तिवारी, सचिव ममता शर्मा, सुमन शर्मा, अजय शर्मा सहित सभी सदस्य गण उपस्थित रहे। मंच संचालन अमृतांशु शुक्ला ने किया।

# देश भर में होली त्यौहार पर 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का व्यापार

**रायपुर 23 मार्च।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि इस वर्ष होली के त्यौहार से प्रदेश सहित देश भर के व्यापारियों में एक नई उमंग और उत्साह का संचार हुआ है और व्यापार के भविष्य को लेकर एक बार फिर नई आशा जगी है । पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष होली के त्योहारी सीजन में देश भर के व्यापार में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है जिसके कारण देश भर में 50 हज़ार करोड़ से ज़्यादा का व्यापार हुआ है। पिछले वर्षों की तरह चीनी सामान का न केवल व्यापारियों ने बल्कि आम लोगों ने भी पूर्ण बहिष्कार किया । होली से जुड़े सामान का देश में आयात लगभग 10 हजार करोड़ का होता है जो इस बार बिल्कुल नगण्य रहा । राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि इस बार होली की त्यौहारी बिक्री में चीन का बने हुए सामान का व्यापारियों एवं ग्राहकों ने बहिष्कार किया और केवल भारत में ही निर्मित हर्बल रंग एवं गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन , पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामानों की जमकर बिक्री हो रही है वहीं मिठाइयां, ड्राई फ्रूट , गिफ्ट आइटम्स, फूल एवं फल, कपड़े , फर्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी प्रोडक्ट, कंज्यूमर ड्युरेबल्स सहित अन्य अनेकों उत्पादों की भी ज़बरदस्त माँग बाज़ारों में दिखाई दे रही है ।

श्री पारवानी एवम श्री दोशी ने बताया की इस वर्ष प्रदेश सहित देश भर में बड़े पैमाने पर होली समारोहों का आयोजन हो रहा है जिसके चलते बैंक्वेट हाल, फार्म हाउस, होटलों , रेस्टोरेंट एवं सार्वजनिक पार्कों में होली समारोहों आयोजनों का तांता लगा हुआ है और इस सेक्टर ने दो वर्ष के बाद अच्छा व्यापार के दिन देखे हैं सभी कार्यक्रमों में शामिल लोगों को चेहरों पर एक नई ख़ुशी तथा उत्साह का वातावरण देखने को मिल रहा है । होली का पर्व नजदीक आते ही प्रदेश सहित देश के सभी थोक एवं खुदरा बाजार पूरी तरह सजे हुए हैं। सभी बाजारों में दुकानों पर गुलाल और पिचकारी के साथ होली के अन्य सामानों की खरीदारी के लिए भीड़ लगी है। मिठाई की दुकानों पर ख़ास तौर से होली पर बनने वाली गुंजिया आदि के बड़े स्तर पर बिक्री हो रही हैं । श्री पारवानी एवम श्री दोशी ने कहा की प्रदेश सहित देश में 24 मार्च को होली जलाई जाएगी जबकि रंगों का पर्व 25 मार्च को मनाया जाएगा ।

# काम, क्रोध, लोभ सबसे बड़े शत्रु,इन वृत्तियों का करें त्याग: दीदी

**रायपुर 23 मार्च।** तब तक दया, दान और दमन हमारे जीवन में नहीं उतरेंगे, जब तक हम सही अर्थों में दिए गए उपदेशों को समझेंगे नहीं या उसे ग्रहण नहीं करेंगे, ये हमारे ऊपर है कि किन अर्थों में उन्हें लेना चाहते है। तब तक जीवन में सुख, आनंद और कल्याण की प्राप्ति नहीं होगी। हर जीव परमात्मा का अंश है, जहां से निकले और वहीं जाकर विलीन हो जाए यही शरणागति है, तभी पूर्ण शांति मिलेगी। ममता और अहमता को छोड़ेंगे तभी रिश्ते मजबूत और स्थायी होंगे।

सिंधु भवन शंकरनगर में श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं को दीदी माँ मंदाकिनी ने ब्रम्हा जी द्वारा एक अक्षर * द *पर दिए गए देवता, दानव और मानव के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि उन्होंने दिए गए उपदेश को किस अर्थ में लिया तब देवताओं ने कहा हमारे स्वभाव में जो वृत्तियां है उसका दमन करना चाहिए। दानव (राक्षसों) ने कहा कि स्वभाव से क्रूर और क्रोधी है इसलिए दया का प्रयोग करना चाहिए और अंत में मानव (मनुष्यों) ने कहा कि हम जन्मजात लोभी है इसलिए दान करना चाहिए। यह कोई एक जाति या वर्ण के लिए दिया गया उपदेश नहीं है बल्कि सभी के लिए आत्म निरीक्षण करने का है। रामचरित मानस में भी तो यही उपदेश दिया गया है।



मानस में दिए गए एक और उपदेश की व्याख्या करते हुए दीदी माँ मंदाकिनी ने कहा कि हमारे भीतर अधर्म, गुण और विकार भी तो है और सबसे प्रबल शत्रु है काम, क्रोध और लोभ। काम को मन में बिठाकर सुख की अनुभूति कर रहे है, अहम में क्रोध को छिपाकर स्वाभिमान की रक्षा कर रहे है और बुद्धि में लोभ को बसाकर संचय करने में ही लगे है। इस प्रकार जब आपने मन, बुद्धि और चित्त में इन शत्रुओं को बिठा रखा है,तो जीवन पर कैसे विजय प्राप्त कर सकेंगे, कैसे सफल होंगे? जीवन में सफल होना है तो दान करें, दया करें और गलत चीजों का दमन करें। इसे भी सूक्ष्मता से समझना होगा। दान देने का परिणाम क्या होना चाहिए? राजा दक्ष से बड़ा कोई दानी नहीं था उन्होंने अपनी बेटी सती का कन्यादान भगवान शंकर को किया, लेकिन यहां पर वे ममता से ऊपर उठ नहीं पाये। एक सभा में जब सारे लोग राजा दक्ष के सम्मान में खड़े हो गए लेकिन शंकर जी नहीं खड़े हुए, यही पर दक्ष को अपने पद का अभिमान आ गया। पद को मद में बदलने की देरी थी कि दान के सारे प्रतिफल चूर हो गए इसलिए गूढ़ मंत्र है कि दान में ममता के साथ अहमता का भी दान करना होगा।

### क्यों टूट रहे हैं वैवाहिक संबंध

मानस मर्मज्ञ ने आधुनिक काल के वैवाहिक संबंधों पर बड़ा सवाल उठाया कि आज क्यों अल्प समय में वैवाहिक संबंध टूट रहे है। कुल, परिवार, संपन्नता देखकर ही तो बेटी का कन्यादान करते है, पर अपनी ममता और अहमता (अहंकार) को नहीं छोड़ पाते है और यही रिश्तों के टूटने का सबसे बड़ा कारण है। मैं और मेरा से ऊपर नहीं उठ पाते हैं।

दीदी माँ मंदाकिनी ने बताया कि भले ही उप निषेदों में दिए गए उपदेश या सूत्र कठिन है कह सकते है लेकिन रामचरित मानस में उसकी ही काफी सरल शब्दों में व्याख्या दी गई है। सृष्टि की आदिकाल से आज तक जोड़कर देख लें, सारी सृष्टि का बीज है राम नाम। जितने भी धर्म, शास्त्र, वेद, पुराण है उसका बीज है राम नाम। ये सारे उपदेश हम व आपके आत्म निरीक्षण के लिए है।

### कांटैक्टलेस भुगतान में क्रांति

**रायपुर 23 मार्च।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने भुगतान करने का एक नया तरीका पेश करने के लिए भारत के अग्रणी स्मार्टवच ब्रांड नइज और मास्टरकार्ड के साथ गठबंधन किया है। ये तीनों संस्थाएं बैंक के एयरटेल पेमेंट्स बैंक स्मार्ट वाच को लान्च करने के लिए एक साथ आए हैं और इनका उद्देश्य कांटैक्टलेस भुगतान को आसान बनाकर और इसे विशाल जनसमूह तक पहुँचाकर कांटैक्टलेस भुगतान में क्रांति लाना है। टैप एंड पे की शक्ति हर व्यक्ति की कलाई तक पहुँचाकर यह पहल स्मार्ट वियरेबल की पूरी क्षमता का विकास करना और सुविधाजनक वित्तीय समाधान सभी तक पहुँचाना चाहता है, ताकि यूजर्स भुगतान के भविष्य, कांटैक्टलेस भुगतान का लाभ लेते हुए सबसे आगे रह सकें।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26